● जयपुर, रविवार, 2 जून 24 ● वर्ष 13 ● अंक 275 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित



सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए की गई विशेष व्यवस्था...

पेज @5 एग्जिट पोल के दूसरे दिन आज प्रधानमंत्री मोदी करेंगे सात...

पेज @8 » अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत...

# अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को बहुमत, सिक्किम में एसकेएम की जोरदार वापसी

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती चल रही है।अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है तो सिक्किम में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) की वापसी होती दिख रही है।खबर लिखे जाने तक अरुणाचल प्रदेश में भाजपा को 31 सीटों पर जीत मिल चुकी है और 14 सीटों पर आगे चल रही है।वहीं, नेशनल पीपुल्स पार्टी 2 सीट जीत चुकी है और 3 पर आगे है।

सिक्किम में एक बार फिर एसकेएम की सरकार बनने जा रही है। एसकेएम 18 सीटें जीत चुकी है और 13 पर आगे चल रही है।वहीं, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) एक सीट जीत चुकी है।बारफुंग सीट से एसडीएफ के उम्मीदवार और भारतीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ी रहे बाइचुंग भूटिया एसकेएम के रिक्शल दोरजी भूटिया से 4,000 से अधिक वोटों से पीछे चल रहे हैं। यहां 3 राउंड के वोटों की गिनती हो चुकी है। भाजपा ने अरुणाचल प्रदेश की बोमडिला, चौखम, ह्युलियांग, ईटानगर, मुक्तो, रोइंग, सागली, ताली, तलिहा और जीरो हापोली सहित 10 सीटें बिना किसी मुकाबले के पहले ही जीत ली हैं।यहां भाजपा उम्मीदवारों के सामने कोई भी नामांकन दाखिल नहीं होने पर निर्विरोध जीत दे दी गई है।6 सीटों पर भाजपा के ही उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया था और 4 पर दूसरे उम्मीदवारों ने नामांकन वापस ले लिया था। अरुणाचल प्रदेश की 60 सीटों में से बहुमत के लिए 31 पर जीत जरूरी है। सिक्किम में कुल 32 सीटें हैं। यहां बहुमत का आंकड़ा 17 है।अरुणाचल प्रदेश में भाजपा ने सभी 60 सीटों पर उम्मीदवार उतारे है, जबकि कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर ही चुनाव लड़ा है। यहां चुनाव से पहले कांग्रेस के 4 विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नबाम तुकी ने भी मार्च में पद से इस्तीफा दे दिया था। 2019 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीटें जीती थीं और पेमा खांडू फिर से मुख्यमंत्री बने थे।कांग्रेस ने केवल 4 सीटें जीतीं, जबकि जनता दल यूनाइटेड ने 7 और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने 5 सीटें जीती थी।2 सीट पर निर्दलीय और एक पर अरुणाचल पीपुल्स पार्टी विजयी हुई थी।सिक्किम में एसकेएम ने 17 सीटों पर जीत दर्ज की थी और एसडीएफ को 15 सीटें मिली थीं।

## विधानसभा चुनाव 2024





## सीएम तमांग 7,000 से ज्यादा मतों से विजयी

### पूर्व मुख्यमंत्री चामलिंग दोनों सीट हारे

**गंगटोक /एजेंसी।**

सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) प्रमुख और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग रेनॉक विधानसभा सीट से चुनाव जीत गये हैं।

तमांग ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सोम नाथ पौड्याल को 7,044 मतों से हराया। मुख्यमंत्री को 10,094 मत मिले जबकि सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) के पौड्याल को 3,050 मत मिले। रविवार को अब तक हुई मतगणना में सत्तारूढ़ एसकेएम का लगभग क्लीन स्वीप करते हुए एक बार फिर सरकार बनाना तय हो चुका है। राज्य की 32 सीटों में से 22 के नतीजे घोषित किये जा चुके हैं। इनमें 21 पर एसकेएम को जीत मिली है जबकि एक एसडीएफ के खाते में एकमात्र श्यारी सीट गई है। अन्य 10 सीटों पर एसकेएम आगे चल रहा है।

विपक्षी एसडीएफ के प्रमुख और पांच बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे पवन कुमार चामलिंग दोनों सीट हार गये हैं। नामचेबुंग विधानसभा सीट पर एसकेएम के राजू बसनेत ने उन्हें 2,256 मतों से मात दी।

## न्यूज़ अपडेट

### पश्चिम बंगाल में भाजपा कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता/एजेंसी।** लोकसभा चुनाव 2024 के एग्जिट पोल्स जारी होने के बाद देर रात पश्चिम बंगाल के नादिया में एक भाजपा कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान नादिया निवासी हफीजुल शेख के रूप में की है।इधर, मृतक के परिजनों का आरोप है कि हफीजुल कुछ पहले ही भाजपा में शामिल हुआ था और इसके चलते उसकी हत्या की गई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि हफीजुल रात को चाय की दुकान पर था, तभी उसकी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। उन्होंने पुलिस ने आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।इधर, पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पंजाब में दो मालगाडियों की टक्कर, दो घायल


**चंडीगढ़/एजेंसी।** पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में रविवार सुबह दो मालगाडियों की टक्कर हो गई जिसमें उनके कई डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में दो लोको पायलटों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, हादसा फतेहगढ़ साहिब में माधोपुर से पास हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों मालगाडियों के कई डिब्बे पटरी से उतर गये। शुरुआती वीडियो में दिख रहा है कि एक मालगाड़ी दूसरी पर चढ़ गई है। डिब्बों को काफी नुकसान पहुंचा है और उनके पहिये खुलकर पटरी पर और आसपास बिखड़ गये हैं। उनमें लदा माल भी बिखड़ गया है। गनीमत यह रही कि एक मालगाड़ी के डिब्बे गिरकर बगल की पटरी पर यात्री गाड़ी को छूकर रह गये। हादसे में अब तक किसी यात्री के हताहत होने की खबर नहीं है।

### पेरिस से आ रही विस्तारा फ्लाइट से बरामद हुआ बम की धमकी भरा नोट

**मुंबई/एजेंसी।** मुंबई हवाई अड्डे पर तब हड×कंप मच गया, जब विस्तारा की एक उड़ान में एयर सिकनेस बैग पर हस्तलिखित बम धमकी भरा नोट बरामद हुआ. इसके बाद मुंबई हवाई अड्डे पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्ण आपातकाल की घोषणा कर दी गई. मिली जानकारी के अनुसार, बम की धमकी वाली विस्तारा फ्लाइट पेरिस चार्ल्स डी गॉल हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी. फ्लाइट क्रू ने सुबह 10:08 बजे खतरे की सूचना दी और 294 यात्रियों और 12 क्रू सदस्यों को लेकर विमान सुबह 10:19 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित रूप से उतर गया.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिनभर में करेंगे 7 बैठक

### तैयार किया जाएगा आगामी 100 दिन का खाका



**नई दिल्ली/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव 2024 का प्रचार और मतदान खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से रंग में आ गए हैं।वह रविवार को अलग-अलग मुद्दों पर एक के बाद एक 7 बैठक करेंगे। इसको लेकर सभी विभागों के मंत्री और अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं।इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी आगामी 100 दिनों की कार्य योजना का खाका भी तैयार करेंगे।बता दें, प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद कन्याकुमारी में 45 घंटे तक मेडिटेशन किया था। प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले चक्रवात रेमल से हुए नुकसान की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे। यह बैठक खासतौर पर पूर्वोत्तर के राज्यों को लेकर होगी, जहां काफी नुकसान हुआ है।इसके बाद वह हीटवेव की स्थिति की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे।

## तिहाड़ लौटने से पहले सीएम केजरीवाल ने शेयर किया भावुक करने वाला पोस्ट

### बोले- सब अपना ध्यान रखना...

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल आज तिहाड़ जेल लौट जाएंगे. इससे पहले उन्होंने अपने समर्थकों के लिए खा संदेश दिया है. सीएम केजरीवाल ने कहा है कि, वह रविवार, 2 जून को 21वीं अंतरिम जमानत समाप्त हो रही है, लिहाजा वो तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करेंगे. इससे पहले वह राजघाट में महात्मा गांधी के स्मारक और कनॉट प्लेस में प्राचीन हनुमान मंदिर जाएंगे. एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने सभी को अपना ध्यान रखने के लिए कहा है.



सीएम केजरीवाल ने लिखा कि, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर मैं 21 दिनों के लिए चुनाव प्रचार के लिए निकला हूं. मैं माननीय सर्वोच्च न्यायालय का बहुत आभारी हूं. आज मैं तिहाड़ जाकर आत्मसमर्पण करूंगा. मैं दोपहर 3 बजे घर से निकलूंगा. सबसे पहले मैं राजघाट जाऊंगा और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दूंगा. वहां से मैं कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर जाकर हनुमान जी का आशीर्वाद लूंगा और वहां से पार्टी कार्यालय जाऊंगा और सभी कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं से मुलाकात करूंगा. वहां से मैं फिर तिहाड़ के लिए निकलूंगा. आप सब अपना ख्याल रखना. अगर आप खुश रहेंगे तो आपका केजरीवाल भी जेल में खुश रहेगा. गौरतलब है कि, केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत पर 10 मई को जेल से रिहा किया गया था.

## तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पूरी करेगी अपनी गारंटियां: सोनिया गांधी

**हैदराबाद/एजेंसी।**



पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने रविवार को तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त किया कि राज्य की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करेगी। सोनिया गांधी ने तेलंगाना के स्थापना दिवस पर राज्य के लोगों को बधाई दी और उन्हें तेज विकास तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सिकंदराबाद के परेड ग्राउंड में 10वें तेलंगाना स्थापना दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह में उनका पहले से रिकॉर्ड किया गया वीडियो संदेश चलाया गया। राज्य सरकार ने समारोह में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रित किया था, लेकिन खराब स्वास्थ्य के कारण वह नहीं आ सकीं।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना की जनता ने कांग्रेस को समृद्ध तथा विकसित तेलंगाना के निर्माण की जिम्मेदारी सौंपी है और लोगों के सभी सपनों का पूरा करना उनका कर्तव्य है।

उन्होंने कहा, आज इस खास मौके पर, मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहती हूं कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व में तेलंगाना की कांग्रेस सरकार अपनी गारंटियों को पूरा करने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेगी।

सोनिया गांधी ने महान राज्य के गठन के लिए अपना जीवन बलिदान करने वाले तेलंगाना के अनगिनत शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा, मैंने 2004 में करीमनगर में तेलंगाना के लोगों से वादा किया था कि कांग्रेस उनके सपनों को पूरा करेगी। मेरे बयान के बाद हमारी पार्टी में भी मतभेद उभरा था और कई लोग पार्टी छोड़कर चले गये।

## आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

# यूपी-बिहार समेत कई राज्यों को मिलेगी भीषण गर्मी से राहत

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

देश के ज्यादातर हिस्सों में प्रचंड गर्मी पड़ रही है. दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्से में तापमान 48 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना हुआ है. वहीं राजस्थान में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है. इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने देश के कुछ राज्यों में लू चलने की संभावना जताई है. मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में लू चलने की संभावना है. इसके बाद इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम हो जाएगी.

दिल्ली-एनसीआर में इनदिनों गर्मी चरम पर है, लेकिन दो दिनों से मौसम में थोड़ा सा सुधार हुआ है और दिल्लीवालों को गर्मी से राहत मिली है. कल यानी शनिवार की शाम तीन बजे के आसपास दिल्ली और नोएडा में आई धूल भरी आंधी से मौसम में थोड़ा सा सुधार हुआ. इस दौरान दिल्ली के कुछ स्थानों पर हुई बारिश ने गर्मी से थोड़ी सी राहत जरूर दिलाई. मौसम विभाग का मानना है कि दिल्ली में अगले 2 दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा.



उधर राजस्थान भी इनदिनों प्रचंड गर्मी से झुलस रहा है. हालांकि नए पश्चिमी विक्षोभ के चलते राजस्थान में मौसम बदल गया है. अगले कुछ घंटे में राजस्थान के बीकानेर, जयपुर, भरतपुर और कोटा संभाग के कुछ इलाकों में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे. जबकि दोपहर बाद मेघ गर्जन के साथ अचानक 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है. इसक दौरान कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है.

उधर उत्तर प्रदेश में भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है. मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में मौसम में सुधार होने वाला है. इस दौरान राज्य के कई जिलों में रविवार को बूंदाबांदी होने की संभावना है. इस दौरान कुछ स्थानों पर बौछारें भी पड़ सकती हैं. साथ ही धूल भरी हवा, बिजली गिरने की भी संभावना है.

## दिग्विजय सिंह ने एग्जिट पोल पर उठाए सवाल

**भोपाल/एजेंसी।**

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल ने मध्य प्रदेश में भाजपा और एनडीए को भारी बहुमत मिलने का अनुमान जताया है। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने इस एग्जिट पोल पर ही सवाल खड़े कर दिए हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एग्जिट पोल पर सवाल उठाते हुए एक्स पर लिखा, राजगढ़ लोक सभा क्षेत्र तीन जिलों में फैला हुआ है -- राजगढ़, गुना और आगर मालवा। अगर किसी टीवी चैनल को यहां एग्जिट पोल करना था तो उसको इन तीनों जिलों में अपने लोग भेजने थे। क्या उन्होंने भेजे?

दिग्विजय सिंह ने आगे लिखा है, राघौगढ़ से लेकर सुसनेर तक एक ही दिन में एक साथ वोट डालकर बाहर आ रहे लोगों से पूछना कि किसको वोट दिया और एग्जिट पोल तैयार करना संभव नहीं। इसके लिए कम से कम 100 लोगों से ऊपर की टीम चाहिए। टीवी चैनलों के एग्जिट पोल में राजगढ़ शामिल नहीं है।



# चारधाम यात्रा के लिए सुगमता जरूरी

चारधाम की पवित्र यात्रा के लिए देशभर से श्रद्धालु उत्तराखंड जाते हैं। इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष यमुनोत्री, गंगोत्री, बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम जाने के इच्छुक पर्यटकों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है। लेकिन, चिंताजनक बात यह है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धाम की यात्रा के दौरान अब तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। वहीं, बदरीनाथ धाम में भी तीन यात्रियों की मौत रिपोर्ट की गई थी। ऐसे में कुल मिलाकर चारधाम यात्रा के दौरान अब तक 17 श्रद्धालुओं की जान जा चुकी है। आंकड़ों के अनुसार 15 मई तक 1.65 लाख से अधिक तीर्थयात्री केदारनाथ, सत्तर हजार से अधिक यमुनोत्री और साठ हजार से अधिक तीर्थयात्री गंगोत्री की यात्रा कर चुके हैं।

हर बार इस तरह की घटनाओं को देख कर पीड़ा यह होती है कि हम लगभग हर वर्ष ऐसी घटनाओं का शिकार होते हैं लेकिन हमारी सरकार क्यों नहीं जाग रही। आजतक कई हजार श्रद्धालुओं ने अपनी जान गंवा दी और जरा सोच कर देखिए कि ऐसे में जिसकी भी मौत होती है उसके परिजनों को कितनी परेशानी व दुख होता होगा। सरकार लगातार सड़कों, पुल व फ्लाईओवर का निर्माण कर हर रोज नए कीर्तिमान बना रही है लेकिन क्या यहां सुगमता बनाने के लिए सरकार सरकार किसी चीज के लिए बाध्य है? चारधाम यात्रा करना किसी भी इंसान के लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य माना जाता है। हर वर्ष लाखों लोग इस यात्रा के लिए जाते हैं। बीते शुक्रवार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 'चारधाम यात्रा राज्य की लाइफ लाइन है। यह यात्रा राज्य की आर्थिकी से भी जुड़ी है। जिस तेजी से यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है, हम सबका दायित्व है कि इसको सुगम और सरल बनाने में सभी मिलकर सहयोगी बनें। व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।' यह प्रयास हर वर्ष किए जाते हैं लेकिन सार्थक आज तक नहीं हुए। यात्रा को सुगम बनाने व इस प्रकरण पर बेहतरी के लिए बहुत काम किया जा सकता है लेकिन नहीं किया जाता। जिस तरह वहां श्रृद्धालुओं का तांता लगता है उसके लिए सीमित लोगों को ही यहां आने की अनुमति दी जाए। इसके अलावा यहां चढ़ाई के दौरान भी जगह-जगह कैंप लगाए जाने चाहिए। वहां भीड़ बढ़ने से अफरातफरी भी हो जाती है जिससे जान का खतरा हमेशा बना रहता है। कुछ दिन पहले वृंदावन के श्री बांके बिहारी मंदिर में भीड़ ज्यादा होने के कारण अफरातफरी मच गई थी ओर लोगों की जान चली गई थी। हर वर्ष कई भक्तों को बिना वजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है।

दरअसल समस्या जो सामने आ रही है वह यह है कि जितने भी पुराने मंदिर व तीर्थस्थल हैं वह समय के साथ अपडेट व अपग्रेड नहीं हुए। पहले जनसंख्या कम थी तो काम चल जाता था लेकिन अब भक्तों की संख्या बहुत बढ़ी और लगातार बढ़ती जा रही है। जगह उतनी-सी है और श्रद्धालु बढ़ते चले गए। बीते वर्ष 2022 में केदारनाथ यात्रा स्थानीय व्यवसायियों के लिए काफी बेहतर रही थी सिर्फ यात्रा के टिकट, घोड़ा खच्चरों और हेली और डंडी कंडी के यात्रा भाड़े की बात करें तो लगभग 200 करोड़ के आस-पास का कारोबार किया था। केदारनाथ धाम इस बार घोड़े खच्चर व्यवसायियों ने करीब 1 अरब 9 करोड़ 28 लाख रुपए का रिकॉर्ड कारोबार किया था जिससे सरकार को भी 8 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व प्राप्त हुआ था और बीते वर्ष 2023 में इससे भी ज्यादा कारोबार हुआ था। उत्तराखंड सरकार को चारधाम यात्रा से हर वर्ष बड़ा मुनाफा होता लेकिन फिर भी यहां सुगमता उतनी बेहतर नहीं है जितना मानी जाती है। यह बात इसलिए कही जा रही है कि हर वर्ष कई श्रद्धालु मारे जाते हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार यदि वहां उतनी सुविधा नही हैं जितनी आवशयकता है। बताया जाता है कि चारधाम में कुछ जगह ऐसी जहां सांस की तकलीफ हो जाती है जिसको कवर अप करने के लिए वहां सुविधा नहीं मिल पाती और यदि थोड़ी बहुत है भी तो बेहद सीमित लोगों के लिए हैं जिससे हर किसी को जल्दी सुविधा नहीं मिलती और कुछ लोग सुविधा के अभाव में अपनी जान गंवा बैठते हैं। यदि ऐसा कभी-कभी हो तो ठीक है लेकिन हर बार ऐसा होना पीड़ाजनक है। वहां से आए श्रद्धालु ने बताया कि चारों धामों में केदारनाथ और यमुनोत्री धाम ऐसे हैं जहां पर पैदल ट्रैक करना पड़ता है। यमुनोत्री में एक तरफ 5 किलोमीटर यानी टोटल 10 किलोमीटर की यात्रा है और केदारनाथ में दोनों तरफ की मिलाकर 32 किलोमीटर की बेहद चुनौतीपूर्ण यात्रा है। यदि यहां आपके पास अच्छे जूते व साधन नही हैं तो बहुत परेशानी हो जाती है। अधिक ठंड के कारण अधिक वजन व सांस की तकलीफ वाले लोगों को अधिक एहतियात रखने की जरूरत होती है। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी किट भी होना अनिवार्य है।जैसा कि बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के लिए अलग-अलग स्थिति मानी जाती है।

बद्रीनाथ और गंगोत्री की यात्रा ज्यादा कठिन नहीं मानी जाती और कहा जाता है जो लोग आयु व स्वास्थ्य के चलते चार धाम नहीं कर सकते वह यह दोनों धाम जा सकते हैं चूंकि यह बद्रीनाथ व केदारनाथ से सरल यात्रा है। केदारनाथ व बद्रीनाथ की यात्रा बहुत कठिन मानी जाती है। वैसे तो सरकार तमाम तीर्थस्थलों के पुनर्निर्माण में लगी हुई है लेकिन जो मौजूदा विरासत है उसके लिए कुछ करना चाहिए। इस यात्रा का लोग बेसब्री इंतजार करते हैं और मान्यता के अनुसार इसे करने से स्वर्ग का रास्ता खुलता है। हर किसी सनातनी की इच्छा होती है कि वह जिंदगी में एक बार चारधाम यात्रा जरूर करे। इसलिए ऐसे जगहों पर गुणवत्ता के साथ काम होना चाहिए जिससे लोगों में भगवान के प्रति और सरकार के प्रति विश्वास बना रहे।

# पर्यावरण हितैषी वाहन है साइकिल



रमेश सर्राफ धमोरा

भारत की आर्थिक तरक्की में साइकिल ने बहुत अहम भूमिका निभाई है। आजादी के बाद से ही साइकिल देश में यातायात व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा रही है। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के बूते चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से चिट्ठियां बांटते हैं। चीन के बाद आज भी भारत दुनिया में सबसे ज्यादा साइकिल बनाने वाला देश है। दो सौ साल पहले 12 जून 1817 को जर्मनी के मैनहेम में बैरन कार्ल वॉन ड्रैस ने दुनिया की पहली साइकिल पेश की थी। यह लकड़ी से बना था और इसमें पैडल, गियर या जंजीर नहीं थी। उसने खुद को पहले एक पैर से और फिर दूसरे पैर से धकेला। उन्होंने इसे लॉफमाशाइन (जर्मन में चलने वाली मशीन) कहा। अब तो जापान के फुकुकोआ शहर में छात्रों ने एक ऐसी साइकिल बनाई है जो हवा से चलती है। इसकी अधिकतम रफ्तार 64 किलोमीटर प्रति घंटा है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने इसे कंप्रेस्ड हवा से चलने वाली दुनिया में सबसे तेज साइकिल का सर्टिफिकेट दिया है। 3 जून 2018 को विश्व में पहला विश्व साइकिल दिवस मनाया गया। तब से दुनिया में प्रतिवर्ष साइकिल दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार हम छठवां विश्व साइकिल दिवस मना रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने परिवहन के सामान्य, सस्ते, विश्वसनीय, स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल साधन के रूप में इसे बढ़ावा देने के लिए विश्व साइकिल दिवस को मनाने की घोषणा की थी। भारत में भी विकसित की जा रही ज्यादातर आधारभूत आधुनिक संरचनाएं मोटर-वाहनों को ही सुविधा प्रदान करने के लिए बन रही हैं। साइकिल जैसे पर्यावरण-हितैषी वाहन को नजरअंदाज किया जा रहा है। जबकि शहरी व ग्रामीण परिवहन में भी साइकिल का महत्वपूर्ण स्थान है। खासतौर से कम आय-वर्ग के लोगों के लिए साइकिल उनके जीविकोपार्जन का एक सस्ता, सुलभ और जरूरी साधन है। यह इसलिए भी कि भारत का कम आय-वर्ग के लोग अपनी कमाई से प्रतिदिन सौ-पचास रुपये परिवहन पर खर्च करने में सक्षम नहीं हैं।

भारत सरकार अपनी साइकिल परिवहन व्यवस्था में कुछ जरूरी मूलभूत सुधार करके आम और खास लोगों को साइकिल चलाने के लिए प्रेरित कर सकती है। सरकार के इस कदम से ऐसे सभी लोग प्रेरणा पा सकते हैं। जिनकी प्रतिदिन औसत यातायात दूरी पांच-सात किलोमीटर के आसपास बैठती हैं। हमारे देश की कई राज्य सरकारें अपने स्कूली छात्र-छात्राओं को बड़ी संख्या में साइकिल वितरण कर रही हैं। जिससे साइकिल सवारों की संख्या में वृद्धि हुई है। 'द एनर्जी ऐंड रिसर्च इंस्टीट्यूट' के अनुसार पिछले एक दशक में साइकिल चालकों की संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में 43 फीसदी से बढकर 46 फीसदी हुई है। जबकि शहरी क्षेत्रों में यह संख्या 46 फीसदी से घटकर 42 फीसदी पर आ गई है। इसकी मुख्य वजह साइकिल सवारी का असुरक्षित होना ही पाया गया है। बच्चे सबसे पहले साइकिल चलाना ही सीखते है। इसलिये बचपन में हम सभी ने साइकिल चलाई है। पहले के जमाने में जिसके पास साइकिल होती थी वह बहुत प्रतिष्ठित व्यक्ति माना जाता था। गांव के लोग जब कभी शहरों में जाते थे। तब लोगों को साइकिल चलाते हुए देखते थे और फिर वे खुद भी धीरे-धीरे साइकिल चलाना सीख जाते थे। पहले शहरों में किराए पर भी साइकिले मिलती थी। देश की युवा पीढ़ी को अब साइकिल के बजाय मोटरसाइकिल ज्यादा अच्छी लगने लगी है। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। इसके बावजूद भारत में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई है। 1990 के बाद से साइकिलों की बिक्री में बढ़ोतरी आई है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आई है। दरअसल 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी। उसकी जगह गांवों में मोटरसाइकिल ने ले ली है। इसके उपरांत भी साइकिल आज भी हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं।

देश में लॉकडाउन के दौरान दूसरे प्रदेशों में कमाने गए लाखों लोग साइकिल पर 1000-1500 किलोमीटर की दूरी तय कर अपने घर पहुंचे थे। संकट के समय साइकिल ही उनके घर पहुंचने का एकमात्र साधन बनी थी। लॉकडाउन के दौरान लाखों लोगों के घर पहुंचने का सबसे उपयोगी साधन बनने से लोगों को यह बात अच्छी तरह समझ में आ गयी की साइकिल आज भी आम लोगों का सबसे सस्ता व सुलभ साधन है। अब तो विभिन्न प्रकार के फीचर से लैस गियर वाली कीमती साइकिले बाजार में आ गई है। पहले लोगों के पास सामान्य साइकिले ही हुआ करती थी। जिनके पीछे एक कैरियर लगा रहता था। जिस पर व्यक्ति अपना सामान रख लेता था व जरूरत पड़ने पर दूसरे व्यक्ति को बैठा लेता था। कई बार तो साइकिल सवार आगे लगे डंडे पर भी अपने साथी को बिठाकर 3-3 लोग साइकिल पर सवारी करते थे। साइकिल से वातावरण में किसी तरह का प्रदूषण नहीं होता था। पेट्रोल डलवाने का झंझट भी नहीं था। साइकिल उठाई पैडल मारे और पहुंच गए अगले स्थान पर। पहले के जमाने में साइकिल के आगे एक छोटी सी लाइट भी लगी रहती थी। जिसका डायनुमा पीछे के टायर से जुड़ा रहता था। साइकिल सवार जितनी तेजी से साइकिल चलाता उतनी ही अधिक लाइट की रोशनी होती थी।

तीन साल पहले विश्व साइकिल दिवस के दिन ही भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कम्पनी एटलस बंद हो गयी थी। प्रतिवर्ष 40 लाख साइकिल का उत्पादन करने वाली भारत की सबसे बड़ी व दुनिया की जानी मानी कम्पनी एटलस के बंद होने से साइकिल उद्योग को बड़ा धक्का लगा है। एटलस की फैक्ट्री बंद होने से वहां काम करने वाले करीबन एक हजार लोग बेरोजगार हो गये। एटलस साइकिल कम्पनी की स्थापना 1951 में हुई थी। इसका कई विदेशी साइकिल निर्माता कंपनियों के साथ गठबंधन था। जिस कारण एटलस कम्पनी की साइकिल दुनिया भर की श्रेष्ठ साइकिलों में शुमार होती थी। अमेरिका के बड़े-बड़े डिपार्टमेंट स्टोर में भी एटलस की साइकिले बेची जाती थी।

अब समय आ गया है कि शहर एवं गांवों में साइकिल चालन को एक बड़े स्तर पर प्रोत्साहन देने का। ताकि बढ़ते प्रदूषण को कुछ हद तक रोका जा सके। शहरों में समर्पित साइकिल मार्गो का निर्माण किया जाना चाहिये। हमें विश्व साइकिल दिवस को महज एक सांकेतिक कवायद के रूप में नहीं देखना चाहिये। आज के दिन हमें मन ही मन इस बात का संकल्प लेना चाहिये कि हम हमारे रोजमर्रा के काम साईकिल से पूरा करेगें। तभी सही मायने में साइकिल दिवस मनाना सफल हो पायेगा।

बढ़ते प्रदूषण की वजह से दुनिया के बहुत से देशों में साइकिल चलाने को बढ़ावा दिया जा रहा है। नीदरलैंड की राजधानी एम्सटर्डम में सिर्फ साइकिल चलाने की ही अनुमति है। भारत में भी दिल्ली, मुंबई, पुणे, अहमदाबाद और चंडीगढ़ में सुरक्षित साइकिल लेन का निर्माण किया गया है। उत्तर प्रदेश में भी 200 किलोमीटर लम्बा एशिया का सबसे लंबा साइकिल हाई वे बना है। अभी देश में साइकिल चालकों के अनुपात में साइकिल रोड़ विकसित किए जाने की प्रबल आवशयकता है। पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया के देशों में साइकिल की वापसी पर्यावरण की दृष्टि से एक शुभ संकेत माना जा सकता है।

**(लेखक हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# बदलते सामाजिक परिवेश से डिमेंशिया की गिरफ्त में आ रहे हैं बुजुर्ग



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



जैसे-जैसे बुजुर्गो की संख्या बढ़ने लगी है वैसे ही डिमेंशिया की बीमारी का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। बहुत कुछ आज की सामाजिक व्यवस्था व सामाजिक परिवेश डिमेंशिया का कारण बनता जा रहा है। एक ओर एकल परिवार, अपने में खोये रहना और दिन-प्रतिदिन की भागमभाग है तो दूसरी और पढ़ने-पढ़ाने की आदत कम होना, प्रमुख कारण है। गूगल गुरु ने तो सबकुछ बदल कर ही रख दिया है। दुनिया में डिमेंशिया प्रभावितों की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की मानें तो अगले 25 साल में डिमेंशिया की रोगियों की संख्या में तीन गुणा बढ़ोतरी हो जाएगी। डिमेंशिया खासतौर से बुजुर्गो की होने वाली बीमारी है। इसमें मनोभ्रांति की स्थिति हो जाती है और भूलने या निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। इसमें बुजुर्ग धीरे-धीरे अपनी याददाशत को खोने लगते हैं। भारत के संदर्भ में यह इसलिए गंभीर हो जाती है कि चीन और जापान की तरह भारत में भी आने वाले सालों में बुजुर्गो की संख्या अधिक हो जाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया के देशों में डिमेंशिया की बीमारी से पांच करोड़ लोग जूझ रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार 2050 तक डिमेंशिया से प्रभावितों की संख्या 15 करोड़ से अधिक होने की संभावना है। दुनिया के देशों में हर साल करीब 10 लाख लोग इस बीमारी की गिरफ्त में आ रहे हैं। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के अध्ययन के अनुसार अफ्रीका के उपसहारा क्षेत्र, उत्तरी अफ्रीका और मध्यपूर्व में डिमेंशिया के रोगियों की संख्या अधिक बढ़ रही है। मेलबोर्न के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन के अनुसार रुटीन बदलने से काफी हद तक इस बीमारी के असर को कम किया जा सकता है। इसमें खासतौर से बुजुर्ग व्यस्त रह करके डिमेंशिया के असर को कम कर सकते हैं या यों कहें कि डिमेंशिया का खतरा कम हो सकता है। एक बात और कि इसके लिए बुजुर्गो को कुछ खास करने की आवशयकता भी नहीं है, बस कुछ कुछ आदतों में बदलाव लाने की जरूरत है।

दरअसल एक समय लोगों में लिखने-लिखाने और पढ़ने-पढ़ाने की आदत होती थी। किस्सागोई की परंपरा थी तो गांवों-शहरों में चौपालें होती थी। बड़े-बुजुर्ग वहां बैठकर मोहल्ले में घटने वाली घटनाओं पर नजर रखते थे। वहीं आपसी चर्चा, ताश, चौपड़, शतरंज आदि खेल, गाना-बजाना या इसी तरह की गतिविधियां चलती रहती थी। इसके अपने फायदे भी थे। बड़े-बुजुर्गो की इस चौपाल से जहां मोहल्ले की सुरक्षा चाक-चौबंद रहती थी, वहीं मोहल्ले में असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगता था। बड़े-बुजुर्गो की व्यस्तता के साथ ही आपसी दुख-दर्द को भी साझा किया जाता था तो समस्या के समाधान खोजने के साझा प्रयास होते थे। काफी हद तक मन का बोझ भी कम हो जाता था। पर आज हालात इसके ठीक विपरीत होते जा रहे हैं। चौपालों की परंपरा तो लगभग खत्म ही हो गई है। ले देकर ड्राइंम रूम संस्कृति रह गई है। उसमें भी अब सोशियल मीडिया और कम्प्यूटर-मोबाइल ने एक ही कमरे को अलग-अलग हिस्सों में बांट कर रख दिया है। सब अपने-अपने मोबाईल पर उंगुलियां घुमाने में व्यस्त रहते हैं और एक-दूसरे से बात करने, सुनने-सुनाने का तो समय ही नहीं रह गया है। इसके दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं। संवेदनहीनता, एकाकीपन, स्वार्थता, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा और ना जाने कितनी ही समस्याएं सामने आने लगी हैं। यही कारण है कि आज अधिक संख्या में लोग मनोविकारों से पीड़ित होने लगे हैं।

एक अध्ययन में सामने आया है कि लिखने-लिखाने और पढ़ने-पढ़ाने की आदत से बुजुर्गो को डिमेंशिया की बीमारी से काफी हद से बचाया जा सकता है। पढ़ने-पढ़ाने से व्यक्ति किताबों की दुनिया में खो जाता हैं। इससे उसे अलग तरह का ही अनुभव होता है। पढ़ने-पढ़ाने या लिखने लिखाने की आदत से डिमेंशिया की बीमारी का खतरा 11 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। जिसे हम हॉबी कहते हैं वह हॉबी यानी कि चित्रकारी, कुछ गाना बजाना, गुनगुनाना, अखबार पढ़ना, किताबों की दुनिया से जुड़ना आदि से भी डिमेंशिया के खतरे को कम किया जा सकता है। दरअसल जितना अधिक बुजुर्गो का गतिविधियों में इनवोल्वमेंट होगा उतनी ही अधिक संभावनाएं डिमेंशिया के खतरे को कम करने में होगी। परिवार जनों के साथ नियमित रुप से संवाद कायम रखने यानी कि हंसने बोलने, खेलने-खिलाने से भी डिमेंशिया का खतरा कम होता जाता है। इसके साथ ही बुजुर्गो का सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हिस्सेदारी से भी बहुत कुछ राहत मिल सकती है। बुजुर्गो को किसी ना किसी गतिविधि से जोड़कर उसमें सक्रिय किया जाता है तो डिमेंशिया के शिकार होने की संभावनाएं कम होती जाएगी। आज भूलने भुलाने की आदत तो युवाओं तक में देखने को मिलने लगी है। ऐसे में बुजुर्गो की सक्रियता को बनाए रखना आवशयक हो जाता है।


डिमेंशिया के बढ़ते खतरे को देखते हुए गैरसरकारी संगठनों, सामाजिक सस्थानों आदि को भी सक्रिय होना होगा क्योंकि आने वाले समय में यह समस्या और अधिक बढ़ेगी। ऐसे में मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं आदि को अधिक गंभीरता से प्रयास करने होंगे। एकल परिवार, नौकरी के कारण एक दूसरे से दूरी, प्रतिस्पर्धा के चलते अलग तरह की कुंठा और मानसिक परेशानी सबको परेशान करने लगी है। समय रहते इसका हल खोजना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# आखिर सड़क दुर्घटना में हो रही मौतों का कौन है जिम्मेदार?



मनोज कुमार अग्रवाल



गर्मी की छुट्टियां होते ही देश में पहाड़ी राज्यों की ओर मैदानी क्षेत्रों के निवासियों की पिकनिक व धार्मिक टूर का सिलसिला शुरू हो जाता है। अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवार पहाड़ी क्षेत्रों में धार्मिक स्थलों पर जाना पसंद करते हैं क्योंकि इससे वह धार्मिक तीर्थयात्रा व पर्यटन दोनों काम एक साथ करने का विचार रखते हैं लेकिन इन दिनों रोजाना धार्मिक यात्रा के दौरान सड़क हादसे और उनमें जनहानि के मामले सामने आ रहे हैं। हाल ही में जम्मू के अखनूर में हुए सड़क हादसे में 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 69 लोग घायल हो गए। यह यात्री यूपी के हाथरस से जम्मू संभाग के जिला रियासी के शिवखोड़ी धाम में बाबा भोलेनाथ के दर्शन के लिए जा रहे थे। दावा किया जा रहा है कि डोडा में पिछले साल हुए हादसे के बाद यह जम्मू कश्मीर की दूसरी सबसे बड़ी दुर्घटना15 नवंबर 2023 डोडा के अस्सर इलाके में यात्रियों से भरी एक बस सड़क से फिसल कर 300 फुट गहरी खाई में गिर गई थी। इसमें 39 लोगों की मौत हो गई थी और 19 घायल हो गए थे।इसी साल 29 मार्च को रामबन जिले के बैटरी चश्मा इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) के फिसल कर खाई में गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई थी।

आपको बता दें कि दुनिया में सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों में अत्यधिक वृद्धि हुई है और इनमें से भी प्रत्येक 5 में से 1 मौत भारत में होने के कारण भारत को सड़क दुर्घटनाओं की राजधानी भी कहा जाने लगा है जिनमें परिवारों के परिवार तबाह हो रहे हैं। हाल के दिनों में हुई सड़क दुर्घटनाओं की बानगी देखिए 18 मई को मध्य प्रदेश के शाजापुर जिले में केदारनाथ से दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं की कार मवेशियों से टकराने से बचाने की कोशिश में पलट जाने से उसमें सवार 2 महिलाओं की मौत व 11 अन्य घायल हो गए।23 मई को मध्य प्रदेश के इंदौर से चारधाम यात्रा के लिए आए तीर्थ यात्रियों की बस समराला के निकट एक ट्राले से टकरा जाने से 2 महिला श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई।

24 मई को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से माता वैष्णो देवी के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की मिनी बस दिल्ली-जम्मू हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से एक ही परिवार के 7 सदस्यों की मौत और 20 लोग घायल हो गए। 24 मई को ही कर्नाटक के श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या आ रही एक मिनी बस के अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर एक ट्रक से टकरा जाने के कारण तीन श्रद्धालुओं की मौत और 14 घायल हो गए।

25 मई को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में एक कार के सड़क से फिसल जाने से पंजाब के 4 पर्यटकों की मौत तथा 3 घायल हो गए।26 मई रात को राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के राजसर में एक सड़क दुर्घटना में एक कार और ट्रक की टक्कर में एक दम्पति और उनकी 7 वर्ष की बेटी के अलावा एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।26 मई को ही उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में सीतापुर से उत्तराखंड में मां पूर्णागिरि के दर्शनों को जा रहे श्रद्धालुओं की बस पर तेज गति से आ रहा डम्पर पलट जाने से 11 श्रद्धालुओं की मौत हो गई।26 मई को ही हिसार के सैक्टर 27-28 मोड़ के निकट ट्रक से बचने के प्रयास में लड़की का रिश्ता करने आए परिवार की कार पलट जाने सेकार सवार दम्पति और 2 भाइयों सहित 5 लोगों की जान चली गई।



28 मई को ही अलमोड़ा में एक सड़क दुर्घटना में रुड़की के एक परिवार के 3 सदस्यों की मृत्यु हो गई।29 मई को उत्तर प्रदेश के गोंडा में भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह के बेटे कर्ण भूषण सिंह के काफिले की एक गाड़ी ने 2 बाईक सवारों को रौंद दिया जिससे दोनों युवकों की मौत हो गई जबकि सड़क के किनारे बैठी एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।29 मई को ही महाराष्ट्र के सांगली जिले में एक कार के नहर में गिर जाने से एक ही परिवार के 6 सदस्यों की मौत हो गई।29 मई को ही फिरोजपुर के कस्बा मक्खू में सड़क पार करते समय एक दुकानदार को एक बस ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मृत्यु हो गई। 29 मई को ही दिल्ली में तेज रफ्तार बाईक गीता कालोनी फ्लाईओवर से लगभग 25 फुट नीचे गिर जाने से दो युवकों की मौत हो गई।

अब 30 मई को जम्मू-पुंछ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी चौरा कालीधार मार्ग पर एक हृदय विदारक दुर्घटना में उत्तर प्रदेश के हाथरस से शिवखोड़ी जा रही तीर्थयात्रियों की स्लीपर बस ड्राईवर द्वारा तीखे मोड़ पर संतुलन न रख पाने के कारण 5-6 पलटियां खाकर 200 फुट की गहरी खाई में गिर जाने से 22 तीर्थ यात्रियों की मौत और 64 तीर्थ यात्री घायल हो गए। निश्चय ही यह दुर्घटनाएं अत्यंत दुखद हैं। इस तरह की दुर्घटनाओं से मरने वालों के परिवारों पर अचानक वज्रपात हो जाता है, इनके चलते अनाथ, विधवा और यतीम हो जाने वाले बच्चों, महिलाओं और बूढ़े माता-पिता का जीवन भी नरक बन जाता है। अतः इनसे बचाव के लिए वाहन चालकों को प्रत्येक स्तर पर सावधानी बरतने की आवशयकता है। निस्संदेह, ऐसी बड़ी दुर्घटनाओं के मूल में मानवीय लापरवाही ही होती है। यह विचारणीय तथ्य है कि मैदानी इलाकों से पर्वतीय मार्गो पर बस या अन्य वाहन ले जाने वाले चालकों को क्या पहाड़ी रास्तों पर बस चलाने का पर्याप्त अनुभव होता है? जो तीखे मोड़ पर वाहन को नियंत्रित कर सकें दरअसल, जटिल भौगोलिक परिस्थितियों के चलते पहाड़ी इलाकों में होने वाली दुर्घटनाओं में मानवीय क्षति ज्यादा होती है। वजह साफ है कि गहरी खाई बचने के मौके कम ही देती हैं। यह विडंबना है कि बड़े हादसों के बाद शासन-प्रशासन की तरफ से मुआवजे व संवेदना का सिलसिला तो चलता है लेकिन हादसों के कारणों की तह तक नहीं जाया जाता। यदि हादसों के कारणों की वास्तविक वजह सार्वजनिक विमर्श में आए तो उससे सबक लेकर सैकड़ों लोगों की जान बचायी जा सकती है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में करीब डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है। वहीं करीब साढ़े चार लाख लोग इन दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं। इनमें कई लोग तो जीवन भर के विकलांगता का शिकार हो जाते हैं। आपको बता दें कि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में मरने वालों का आंकड़ा पूरी दुनिया में तीसरे नंबर पर है। लेकिन इसके बावजूद पूरे देश में नीति-नियंताओं की तरफ से बेमौत मरते लोगों का जीवन बचाने की ईमानदार पहल नहीं होती। हाल के वर्षो में देशभर में राष्ट्रीय राजमार्गो का विस्तार हुआ। सड़कें चौड़ी और सुविधाजनक हुई। लेकिन रफ्तार का बढ़ना जानलेवा साबित हो रहा है। कहींझकहीं सड़क निर्माण तकनीकी में चूक भी हादसों की वजह बनने की खबरें आई हैं। वहीं बड़ी संख्या में हादसों की वजह अनियंत्रित रफ्तार, यातायात नियमों का उल्लंघन तथा शराब पीकर वाहन चलाना रहा है। यदि दुर्घटनाओं के कारणों में विस्तार से जाएं तो वाहन चलाने के अनुभव के बिना ड्राइविंग लाइसेंस हासिल करना व ट्रक चालकों की आंखों की नियमित जांच न होना भी सामने आता है। दरअसल, वाहनों की फिटनेस, सार्वजनिक वाहन चालकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच तथा निर्धारित समय तक ही वाहन चलाने की अवधि भी तय की जानी चाहिए। कई सर्वेक्षण बताते हैं कि चालक की नींद पूरी न होने और उसे पर्याप्त आराम न मिलने से हादसा हुआ चिंता की बात यह भी है कि लोग रात में सफर करना सुविधाजनक मानने लगे हैं। जबकि रात को वाहन चलाना कई मायनों में असुरक्षित होता है और किसी हादसे के बाद पर्याप्त सहायता व उपचार न मिलना जानलेवा साबित हो सकता है। इन दुर्घटनाओं का दुखद पहलू यह है कि मरने वाले में अधिकांश युवा व परिवार के कमाने वाले सदस्य होते हैं। हादसे के बाद पूरा परिवार गरीबी के दलदल में चला जाता है। यह राष्ट्र की बड़ी आर्थिक क्षति होती है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि यदि भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओ में मरने वाले लोगों की संख्या रोकी जा सके तो देश के सकल घरेलू उत्पाद में तीन फीसदी तक की वृद्धि हो सकती है। नीति-नियंताओं को इस बात पर भी विचार करना होगा कि दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले भारत में वाहन कम होने के बावजूद सड़क दुर्घटनाएं इतनी बड़ी संख्या में क्यों होती हैं? दुर्घटनाओं के कारणों में सड़कों की खस्ता हालत, खुले मैनहोल, यातायात नियमों का उल्लंघन, शराब पीकर या अनियंत्रित गति से गाड़ी चलाना, लगातार अधिक समय के लिए बिना रुके या बिना पूरी नींद लिए वाहन चलाना शामिल है। अतः इन्हें रोकने के लिए कुछ अवधि के बाद ड्राईवर को आराम दिलाना, उसका मुंह आदि धुलवाना और लम्बा सफर होने पर एक अतिरिक्त ड्राईवर साथ लेकर चलना चाहिए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## लोकसभा आम चुनाव- 2024

# मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए की गई विशेष व्यवस्था

### तय मार्ग से ही होगा चुनाव प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** लोकसभा चुनाव के तहत मंगलवार, 04 जून को सुबह 8 बजे से जेएलएन मार्ग स्थित राजस्थान कॉलेज में जयपुर निर्वाचन क्षेत्र एवं कॉमर्स कॉलेज में जयपुर ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतगणना प्रक्रिया शुरू होगी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नीलिमा तक्षक ने बताया कि मतगणना स्थल में प्रवेश एवं पार्किंग के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत तय मार्ग से ही चुनाव प्रत्याशियों, मतदान कर्मियों, अधिकारियों, मतगणना अभिकर्ताओं का मतगणना स्थल में प्रवेश दिया जाएगा साथ ही राजस्थान कॉलेज एवं कॉमर्स कॉलेज में वाहन पार्किंग व्यवस्था की गई है।

#### राजस्थान कॉलेज के लिए यह होगी प्रवेश एवं पार्किंग व्यवस्था

जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी (सफेद आई कार्ड धारक) एवं पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर 03 से वाहन सहित प्रवेश करेंगे तथा मुख्य भवन के पोर्च के मुख्य चैनल गेट से प्रवेश करेंगे। प्रकोष्ठ प्रभारियों के (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड पर रहेगी।सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी (सफेद आई कार्ड धारक) गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज के गेट नम्बर 03 से प्रवेश कर कॉलेज के किसी भी चैनल गेट से प्रवेश करेंगे। इनके (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग गेट नंबर 4 के पास स्थित पार्किंग स्टैंड पर रहेगी। लोकसभा उम्मीदवार एवं चुनाव अभिकर्ता (सफेद आई कार्ड धारक) गांधी सर्किल से राजस्थान कॉलेज से गेट नम्बर 04 से प्रवेश कर चैनल संख्या 7 से प्रवेश कर मतगणना कक्ष में प्रवेश करेंगे। इनके (हरा वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग खेल मैदान में होगी।

राजस्थान कॉलेज में नियोजित समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ, समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, माईको पर्यवेक्षक मतगणना, मतगणना (काउन्टिग) एजेन्ट, समस्त मीडियाकर्मी व मीडिया प्रकोष्ठ के कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग करेंगें।समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टाफ (सफेद आई कार्ड) वाहन पार्किंग के बाद गेट नं. 1 से पैदल बाहर निकलेंगे तथा गेट नं. 2 से पुनः राजस्थान कॉलेज में प्रवेश कर चैनल गेट नं. 2 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे। ये अधिकारी/कार्मिक राजस्थान कॉलेज भवन के मुख्य चैनल गेट तथा चैनल गेट नं. 1 व 7 को छोड़कर किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे।



समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक (गुलाबी आई कार्ड), मतगणना सहायक (हल्का हरा आई कार्ड), माईको पर्यवेक्षक मतगणना (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर पैदल निकल कर कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर सामने के ग्राउंड में स्थापित टेंट में इकटठे होंगे तथा रेण्डमाइजेशन के उपरान्त कार्मस कॉलेज के अन्दर से ही राजस्थान कॉलेज में पैदल प्रवेश कर सीधे चलकर चैनल गेट नं. 6 से प्रवेश कर अपने अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे।विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर, किशनपोल, विद्याधर नगर, बगरू के मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर जेएलएन मार्ग पर पैदल निकल कर गेट नं. 2 से राजस्थान कॉलेज में पुनः प्रवेश करेंगे तथा सीधे चलकर चैनल गेट नं. 1 से अन्दर प्रवेश कर अपने अपने मतगणना कक्ष में पहुंचेगे।

विधानसभा क्षेत्र हवामहल, मालवीय नगर, सिविल लाइन्स, सांगानेर के मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से पैदल बाहर जेएलएन मार्ग पर निकल कर गेट नं 4 से पुनः राजस्थान कॉलेज में प्रवेश करेगे तथा चैनल गेट नं. 7 से अन्दर प्रवेश कर अपने-अपने मतगणना कक्ष में पहुँचेगे।

समस्त मीडियाकर्मी व मीडिया प्रकोष्ठ (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी हरा-सफेद आई कार्ड) वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर जेएलएन मार्ग पर पैदल निकल कर गेट नं. 3 से राजस्थान कॉलेज में प्रवेश करेंगे तथा सीधे चलकर चैनल गेट नं. 3। (भूगोल विभाग का) मीडिया कक्ष नं. 25 में प्रवेश करेंगें।वहीं, विभिन्न कार्यो की व्यवस्था से जुड़े प्रकोष्ठा के कार्मिक राजस्थान कॉलेज में गेट नं. 1 से प्रवेश कर आवशग्यकतानुसार किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे। राजस्थान कॉलेज हेतु अन्य अधिकारीगण के पास युक्त वाहन अधिकारीगण को कॉलेज के मुख्य द्वार पर छोड़ कर गांधी सर्किल से झालाना मार्ग होते हुये विवेकानन्द छात्रावास की ओर स्थित मुख्य द्वार से राजस्थान कॉलेज के मुख्य खेल मैदान में पार्क की जावेगी।

#### कॉमर्स कॉलेज के लिए यह होगी प्रवेश एवं पार्किंग व्यवस्था

जिला निर्वाचन अधिकारी, पर्यवेक्षक, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं सभी प्रकोष्ठों के प्रभारी अधिकारी (सफेद आईकार्ड धारक) एवं पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त आयुक्त, उपायुक्त गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से कॉमर्स कॉलेज के गेट नम्बर 01 से वाहन सहित प्रवेश करेगें तथा मुख्य भवन के चैनल गेट संख्या 02 से प्रवेश करेंगे। इनके (गुलाबी वाहन प्रवेश पास युक्त) वाहनों की पार्किंग मुख्य द्वार के बायीं ओर खेल मैदान में होगी।सहायक रिटर्निंग अधिकारी, प्रभारी अधिकारी एवं तहसीलदार (सफेद आईकार्ड धारक) गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से कॉमर्स कॉलेज के गेट नम्बर 01 से प्रवेश करेगें तथा चैनल गेट 02 से मुख्य भवन में प्रवेश करें।

लोकसभा उम्मीदवार एवं चुनाव अभिकर्ता (सफेद आईकार्ड धारक) गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से कॉमर्स कॉलेज के गेट नम्बर 02 पर वाहन से उतर कर विधानसभा वार चैनल गेट नं. 4 अथवा 5 से मुख्य भवन में प्रवेश कर मतगणना कक्ष में बैठेंगे। समस्त प्रत्याशियों के वाहन (हरा वाहन प्रवेश पास युक्त) मय चालक कॉमर्स कॉलेज की ओर से झालाना की तरफ मुड़कर कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क होंगे।समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ (सफेद आई कार्ड) बजाज नगर मोड़ से कामर्स कॉलेज से आने वाले मतगणना कार्मिक झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क कर उपद्वार सं. 2 से कॉमर्स कॉलेज में प्रवेश करेंगे तथा चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे। गांधी सर्किल से कामर्स कॉलेज की ओर से आने वाले मतगणना कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर निकलेंगे तथा कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर बाईं ओर स्थित खेल मैदान व बेरीकटिंग से होकर चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे। ये अधिकारी, कार्मिक कॉमर्स कॉलेज भवन के सभी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे। कॉमर्स कॉलेज हेतु जे.एल.मार्ग से पैदल आने वाले अधिकारी,कार्मिक गेट नं. 1 से प्रवेश कर सकेंगे।

समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक (गुलाबी आई कार्ड), मतगणना सहायक (हल्का हरा आई कार्ड), माईको पर्यवेक्षक मतगणना (पीला आई कार्ड) बजाज नगर मोड़ से कामर्स कॉलेज से आने वाले मतगणना कार्मिक झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क कर उपद्वार सं. 1 से कॉमर्स कॉलेज के सामने खेल मैदान में लगे टेंट में उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने कक्ष में बैठेंगे।

गांधी सर्किल से कॉमर्स कॉलेज की ओर से आने वाले मतगणना कार्मिक गांधी सर्किल से झालाना रोड़ से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से पैदल बाहर निकलेंगे तथा कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 1 से प्रवेश कर बाईं ओर स्थित सामने के खेल मैदान में लगे टेंट में एकत्रित होकर उपस्थिति दर्ज करवाने के बाद चैनल गेट नं. 1 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे।

समस्त मतगणना एजेंट (पीला आई कार्ड) बजाज नगर मोड़ से कामर्स कॉलेज से आने वाले मतगणना एजेन्ट झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्क कर उपहार सं. 3 से प्रवेश कर विधानसभा वार चैनल गेट नं. 4 अथवा 5 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने-अपने कक्ष में बैठेंगे। कॉमर्स कॉलेज हेतु जे.एल. मार्ग से पैदल आने वाले मतगणना एजेंट मुख्य गेट नं. 2 से प्रवेश कर सकेंगे।गांधी सर्किल से कॉमर्स कॉलेज की ओर से आने वाले मतगणना एजेंट गांधी सर्किल रो झालाना रोड से विवेकानन्द हॉस्टल की ओर स्थित मुख्य द्वार से प्रवेश कर हॉस्टल के सामने से राजस्थान कॉलेज के खेल मैदान में वाहन पार्किंग कर गेट नं. 1 से बाहर निकलेंगे तथा कॉमर्स कॉलेज के गेट नं. 2 से पैदल प्रवेश कर विधानसभा वार चैनल गेट संख्या 4 अथवा 5 से मुख्य भवन में प्रवेश कर अपने अपने कक्ष में बैठेंगे।

समस्त अन्य सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारी का स्टॉफ (सफेद आई कार्ड) गांधी सर्किल अथवा बजाज नगर मोड़ से झालाना की तरफ स्थित कॉमर्स कॉलेज के पीछे की ओर स्थित गेट नं. 4 से प्रवेश कर वाहनों को मुख्य भवन के पीछे क्रिकेट मैदान में पार्किंग कर उपद्वार सं. 2 कॉमर्स कॉलेज के मुख्य भवन में प्रवेश करेंगे तथा चैनल गेट नं. 1 से मीडिया कक्ष न. 1 में बैठेंगे। विभिन्न कार्यों की व्यवस्था से जुड़े प्रकोष्ठ यथा इवेन्ट मेजेमेंट / मतगणना / भोजन/भण्डार प्रकोष्ठ के कार्मिक तथा टेण्ट, विद्युत, माईक, पानी, टेलीफोन आदि व्यवस्थाओं की फर्म/विभाग के कार्मिक / लेबर (सफेद आई कार्ड) कॉमर्स कॉलेज में गेट नं. 1 से प्रवेश कर आवशग्यकतानुसार किसी भी चैनल गेट से आने जाने हेतु अनुमत रहेंगे। जे. एल.एन मार्ग पर केवल पास युक्त वाहनों के आने जाने की अनुमति होगी। अन्य वाहन कॉमर्स कॉलेज अथवा राजस्थान कॉलेज में वाहन सहित आने जाने हेतु झालाना रोड अथवा अन्य वैकल्पिक मार्ग का उपयोग कर सकेंगे।

## संक्षिप्त खबर

### सुनीपुर में भीषण गर्मी से पानी के लिए लोग बूद-बूद को तरसे



**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** बाडी उपखण्ड गांव सुनीपुर में जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का लगभग साल भर से काम अधूरा पड़ा है ! ठेकेदार की मनमानी के चलते बूंद बूंद के लिए तरस रहे है, सुनीपुर गांव के लोग टैंकरों से पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है, जन सेवा में गांव के कुछ भामाशाह के लोग टैंकर से पानी की व्यवस्था कर रहे हैं ! फिर भी पानी की पूर्ति नहीं हो पा रही है ! इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोग पानी के लिए तरस रहे है ! एक तरफ तो राजस्थान सरकार पानी की समस्या हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी कर रही है वह दूसरी तरफ सरकार के कर्मचारी समस्याओं को लेकर सुनवाई नहीं कर रहे हैं ! जिला प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है, सुनीपुर गांव की तरफ पानी की सबसे ज्यादा किल्लत गर्मी के मौसम में हो रही है ! टैंकरों से भी जल की सप्लाई पूरी नहीं हो पा रही है ! अतः ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से निवेदन किया है ! जल जीवन मिशन की टंकी को तुरंत प्रभाव से चालू कराया जाए, जिससे सुनीपुर गांव की पानी की किल्लत, को दूर किया जाए, अतः जिला कलेक्टर गांव में आकर सर्व करें, जिससे लोगों की समस्या का निवारण हो सके !

### पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने एग्जिट पोल के आंकड़ों को एक तरफा बताया

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** देश में लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। अब 4 जून को चुनाव परिणाम आने से शेष हैं। इधर, चुनाव परिणामों को लेकर राजनेताओं की धड़कनें बढ़ गई हैं। बीती शाम चुनावी एग्जिट पोल के आंकड़े आने के बाद देश में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनती हुई नजर आ रही है। इधर, एग्जिट पोल के आंकड़ों को लेकर राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जहां एग्जिट पोल के आंकड़ों को एक तरफ बताया। वहीं गोविंद सिंह डोटासरा ने दावा किया कि देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एग्जिट पोल के आंकड़ों पर पलटवार करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक पर अपनी प्रतिक्रिया दी। इसमें उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिस तरह धमकाने वाली भाषा का इस्तेमाल परसों की पब्लिक रैली में किया था उसी का असर आज एग्जिट पोल्स में दिख रहा है और चैनल उसी डर में भाजपा को एक तरफा जीतता हुआ दिखा रहे हैं। जनहित इसी में है कि एग्जिट पोल्स का हाल 2004 की तरह हो। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी चुनावी एग्जिट पल पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका जवाब दिया। डोटासरा एग्जिट पोल के आंकड़ों को लेकर कतई सहमत नहीं हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि एक्जिट पोल छोड़िए एक्जेट आंकड़ा जनता के पोल में आएगा और भाजपा प्रत्याशियों के मोरिया बोलेंगे। राजस्थान में कांग्रेस एवं गठबंधन के साथी मिलकर बड़ी जीत हासिल करेंगे और देश में इंडिया गठबंधन बहुमत से सरकार बनाएगा।

### बहरोड़ सदर थाने के थानेदार व कांस्टेबल गिरफ्तार, आईफोन प्रो मैक्स लेते पकड़ाए

**चमकता राजस्थान, जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर टीम ने शनिवार को बहरोड़ सदर थाने के थानेदार राजेश कुमार और कांस्टेबलअजीत सिंह को गिरफ्तार किया। उन्हें रिश्वत के तौर पर आईफोन प्रो मैक्स लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। थानेदार और कांस्टेबल ने परिवादी से 1.60 लाख रुपए का आईफोन और 15 हजार रुपए नकद मांगे थे। यह रकम धोखाधड़ी के मामले में फाइनल रिपोर्ट लगाने के बदले में मांगी गई थी। उन्होंने मांग पूरी न होने पर परिवादी को मामले में फंसाने की धमकी दी थी।

एसीबी के एएसपी सुनील सिहाग ने खुलासा किया कि लक्ष्मीवास गांव निवासी परिवादी ने 14 फरवरी को बहरोड़ सदर थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। इसके बाद में समझौता कर लिया था। इस मामले में एसएचओ राजेश और कांस्टेबल अजीत ने एफआर लगाने के लिए परिवादी से आईफोन प्रो मैक्स और 15 हजार रुपए मांगे। शिकायत के सत्यापन में आरोपों की पुष्टि हुई। नतीजतन शनिवार दोपहर करीब 2:45 बजे एसीबी की टीम ने उन्हें डमी आईफोन के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया। बहरोड़ सदर थाने में दर्ज मामले में मदद करने और मुलजिम नहीं बनाने की धमकी देकर एसएचओ राजेश कुमार की ओर से एक आईफोन दिलवाने और कांस्टेबल अजीत सिंह पर 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांगे जाने का आरोप था। सत्यापन के बाद जयपुर टीम ने दोनों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। वहीं एसीबी के एक अधिकारी ने बताया कि एसएचओ राजेश कुमार ने शिकायतकर्ता से डमी आईफोन प्रो मैक्स लिया और उसे जांच के लिए कांस्टेबल अजीत को सौंप दिया। उसी समय एसीबी की टीम थाने पहुंची और दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया।

### जीप पर खतरनाक स्टंट करने पर झालावाड़ पुलिस की एक और कार्रवाई

## आरोपी फरदीन खान स्टंट में प्रयुक्त थार जीप सहित गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर/ झालावाड़ (खलील कुरैशी)।** सोशल मीडिया पर ज्यादा से ज्यादा लाइक्स पाने एवं अपने फॉलोवर्स बढ़ाने की चाहत में चलती गाड़ी पर खतरनाक स्टंट करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए झालावाड़ में थाना झालरापाटन पुलिस ने शनिवार को आरोपी फरदीन खान पुत्र फिरोज खान (24) निवासी निम्बारी गेट को गिरफ्तार कर स्टंट में प्रयुक्त थार जीप जब्त कर ली है।एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि आम सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाकर चलती गाड़ी पर स्टंट कर सोशल मीडिया पर रील वायरल करने के मामले को काफी गंभीरता से लिया गया है। सोशल मीडिया पर लाइक पाने और फॉलोअर्स बढ़ाने की चाहत में कुछ व्यक्ति अपनी जान के साथ सड़क पर चल रहे अन्य व्यक्तियों की जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं।ऐसी घटनाओं की रोकथाम एवं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सभी थाना अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है। थाना झालरापाटन के एएसआई महावीर सिंह द्वारा




सोशल मीडिया पर नजर रखी तो पाया कि फरदीन खान के नाम से खुले हुए अकाउंट पर थार जीप के साथ मेन रोड पर स्टेयरिंग छोड़कर बोनट पर चले जाना एवं खतरनाक तरीके से गाड़ी दौड़ाने आदि की रील्स वायरल कर रखी है।इस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा व सीओ हर्षराज सिंह खरेड़ा के सुपरविजन एवं एएसआई महावीर सिंह के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सीताराम व मनोज कुमार, कांस्टेबल मांगीलाल व सुरेश कुमार द्वारा अकाउंट होल्डर की पहचान कर शनिवार को आरोपी फरदीन खान को गिरफ्तार किया गया।

### उदयपुर जिले में थाना फलासिया पुलिस की कार्रवाई

## हत्या की घटना का खुलासा कर आरोपी पति को किया गिरफ्तार

➲ **गोदावाड़ा के जंगल में पेड़ से लटकी मिली थी महिला की लाश, चरित्र सन्देह के चलते की गई थी हत्या**

चमकता राजस्थान

**जयपुर/उदयपुर (खलील कुरैशी)।** उदयपुर में फलासिया थाना क्षेत्र के गोदावाड़ा के जंगल में 26 मई को पेड़ से लटकी महिला की लाश के मामले का पुलिस ने खुलासा कर आरोपी पति धनराज ननोमा पुत्र पुनाजी ननोमा निवासी गोदावाडा को गिरफ्तार कर लिया है।एसपी योगेश गोयल ने बताया कि घटना के संबंध में धनराज नमोमा द्वारा थाना फलासिया पर रिपोर्ट दी गई थी कि पत्नी के साथ मनमुटाव होने के चलते 24 मई को थोड़ा झगड़ा हुआ था। इस वजह से वह रात के समय बिना बताए कहीं चली



गई। जिसकी उसने आसपास सब जगह तलाश की पर वह नहीं मिली। 26 मई को गांव वासी ने सूचना दी कि जंगल में पेड़ पर किसी महिला की लाश लटकी मिली है। इस पर उसने वहां जाकर देखा तो पेड़ पर उसकी पत्नी की लाश थी। कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी पत्नी की हत्या कर लाश को पेड़ से लटका गया है। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।एसपी गोयल ने बताया कि घटना के खुलासे और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल व सीओ महावीर सिंह शेखावत के सुपरविजन एवं एसएचओ सीताराम के नेतृत्व में एक विशेष तीन गठित की गई। गठित टीम द्वारा आसूचना संकलन कर मुखबिरों से भी जानकारी हासिल की गई।आसूचना संकलन, तकनीकी सहायता व मुखबिर की मदद से आरोपी पति धनराज को डिटेन कर पूछताछ के बाद पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक अनुसंधान में सामने आया कि चरित्र पर शक के चलते इसने अपनी पत्नी की हत्या की थी। विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है।

### गेहूं का राशन चाहते हैं तो 30 जून से पहले करा लें ईकेवाईसी

**चमकता राजस्थान, धौलपुर।** धौलपुर जिले में गेहूं का राशन चाहते हैं तो 30 जून तक ए-‘ उ करा ले, इसके लिए विभाग ने गेहू वितरण के दौरान पोस मशीन में आवशग्यक बदलाव किए हैं। जिससे संबंधित डीलर अपने यहां गेहू लेने पहुंचने वाले सदस्य के साथ उसके परिवार के अन्य सदस्यों की ई-केवाईसी पोस मशीन के माध्यम से भी कर सकें। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा के लाभार्थियों की ई-केवाईसी कराने के लिए उचित मूल्य दुकान पर प्रदत पोस मशीन मे आवशग्यक प्रावधान किए जा चुके हैं। डीलर को इस प्रक्रिया को पूरा करने के लिए संपूर्ण जानकारी सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों और विभाग की साइट से दी गई। उन्होंने उचित मूल्य दुकानदारों को निर्देशित किया कि वे खाद्य सुरक्षा पात्र लाभार्थियों को गेहू वितरण के साथ ही पोस मशीन से पात्र लाभार्थियों की ई-केवाईसी करें, ताकि 30 जून तक यह प्रक्रिया शत-प्रतिशत हो सके। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से वंचित पात्र लोगों को जोड़ने के लिए निर्धारित प्रक्रिया अपनाई जाती है। जिससे उन्हें भी इस योजना का लाभ मिले। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी से फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी, जिन लोगों ने गलत आधार नम्बर से अपना नाम जुड़वा लिया। ऐसे अपात्र योजना से बाहर होंगे, जिससे अन्य पात्र व्यक्ति को इसका लाभ मिलेगा।

**आधार कार्ड के साथ ई-केवाईसी जरूरी**

योजना से जुड़े परिवार के सभी सदस्यों को अपने आधार कार्ड के साथ ई-केवाईसी जरूरी है, इसके लिए सभी को दुकान तक पंहुचना होगा। यदि कोई सदस्य यहां मौजूद नहीं है उनकी ई-केवाईसी का कार्य राज्य में किसी भी राशन की दुकान पर अपना आधार कार्ड ले जाकर केवाईसी करवा सकता है जिससे की वह व्यक्ति राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से बाहर नहीं हो। 30 जून तक ई-केवाईसी नहीं होने के कारण गेंहू नहीं मिलेगा और ऐसे लाभांवित योजना से बाहर भी हो सकते है।

# एग्जिट पोल के दूसरे दिन आज प्रधानमंत्री मोदी करेंगे सात बैठकें



नयी दिल्ली/एजेंसी

एग्जिट पोल के नतीजे देख भाजपा के नेता उत्साहित हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का 'अबकी बार 400 पार' का नारा सच हो सकता है। फाइनल नतीजे 4 जून को आएंगे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ही अगले 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा करने जा रहे हैं। जी हां, प्रधानमंत्री आज करीब सात बैठकें करने वाले हैं। एक दिन पहले ही लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण की वोटिंग पूरी हुई है।

**● गर्मी और बाढ़ पर फोकस**

इस दौरान पूर्वोत्तर के राज्यों में बाढ़ और देशभर में भीषण गर्मी की स्थिति की समीक्षा की जाएगी।उत्तर भारत में तापमान अब जानें लेने लगा है। पारा 50 डिग्री के आसपास बना हुआ है। यूपी-बिहार, दिल्ली से लेकर हरियाणा, राजस्थान में स्थिति काफी खराब है। सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि पीएम इन बैठकों के बाद नई सरकार के 100 दिन के कार्यक्रम के एजेंडे की समीक्षा के लिए एक लंबे मंथन सत्र में भी भाग लेंगे।

अधिकारियों के मुताबिक सबसे पहली बैठक में प्रधानमंत्री पूर्वोत्तर में चक्रवात रेमल के बाद पैदा हुई बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वह देश में भीषण गर्मी और लू की स्थिति की समीक्षा के लिए एक बैठक करेंगे।

व्यापक रूप से विश्व पर्यावरण दिवस मनाने की तैयारियों की समीक्षा के लिए भी प्रधानमंत्री एक बैठक में शामिल होंगे।

**सरेंडर करने से पहले बोले केजरीवाल**

## मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं, मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए...

नयी दिल्ली/एजेंसी

आज सीएम केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट से मिली 21 दिन की अंतरिम जमानत की अवधि खत्म होने के बाद तिहाड़ जेल के अधिकारियों के सामने सरेंडर करेंगे। इससे पहले केजरीवाल सिविल लाइंस इलाके में स्थित अपने आवास से राजघाट के लिए रवाना हुए केजरीवाल ने राजघाट पर महात्मा गांधी की समाधि पर पुष्प अर्पित किए। राजघाट के बाद केजरीवाल कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने हनुमान जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। इसके बाद मुख्यमंत्री आप के कार्यालय पहुंचेंगे। यहां वह पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं को संबोधित करेंगे।उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। य सभी फर्जी हैं। केजरीवाल ने कहा कि इनको तीन दिन पहले फर्जी एग्जिट पोल कराने की क्या जरूरत थी। आप लोग ये आत्मविश्वास रखो कि हम जीत रहे हैं। ये चुनाव देश और जनतंत्र को बचाने के लिए है। साथ उन्होंने कहा कि आज मैं जेल जा रहा हूं। मुझे यह भी पता नहीं है कि कब वापस आउंगा। उन्होंने कहा कि मैं देश बचाने के लिए जेल जा रहा हूं। मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मैं 21 दिनों के लिए चुनाव प्रचार के लिए जेल से बाहर आया था। माननीय सुप्रीम कोर्ट का बहुत-बहुत धन्यवाद, आज मैं तिहाड़ जाकर सरेंडर करूंगा। दोपहर 3 बजे घर से निकलूंगा। सबसे पहले मैं राजघाट जाऊंगा और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा। वहां से मैं हनुमान जी का आशीर्वाद लेने के लिए कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर जाऊंगा। फिर वहां से मैं पार्टी कार्यालय जाऊंगा और कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं से मिलूंगा. वहां से मैं तिहाड़ के लिए रवाना हो जाऊंगा।



### एक्जिट पोल के बाद पीएम नरेंद्र मोदी पर मनोज झा ने बोला हमला

## कहा - अगर वो फिर प्रधानमंत्री बने तो...

पटना/एजेंसी

शनिवार (1 जून) को मतदान संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल में बीजेपी नेतृत्व वाली एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने का अनुमान लगाया है। इसके बाद से सियासी बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। एक ओर एनडीए के नेताओं का कहना है कि हम किसी भी हाल में 400 के आंकड़े को पार करेंगे तो दूसरी ओर विपक्षी नेताओं का कहना है कि ये भाजपा द्वारा प्रायोजित है। माहौल बनाने की कोशिश की जा रही है। जनता का समर्थन हमें मिल रहा है। राहुल गांधी ने एग्जिट पोल के आंकड़े को गलत बताते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 295 सीट आसानी से जीत जाएगी।



**मनोज झा क्या बोले**

» राजद से राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा कि कुछ भी कहना अभी जल्दीबाजी होगी, चार जून का इंतजार किया जाना चाहिए, जिस दिन वास्तविक नतीजे आएंगे। इसके भी मनोज झा नहीं रुके और उन्होंने तेजस्वी यादव की तारीफ करते हुए कहा कि हमारे नेता ने पीएम मोदी के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। मनोज झा ने आगे कहा कि पीएम ने इस चुनाव के दौरान मुद्दों पर आधारित एक भी बात नहीं की है। इसके बावजूद अगर वह फिर से प्रधानमंत्री बनते हैं तो मुझे चिंता होगी।

**पीएम मोदी पर बोला हमला**

» मनोज झा ने आगे कहा, 'इस लोकसभा चुनाव में पीएम मोदी का बयान भैंस और मंगलसूत्र से शुरू हुआ। इसके बाद यह मुजरा तक पहुंच गया। इसके उलट तेजस्वी यादव ने रोजगार पर बात की, उन्होंने सामाजिक-आर्थिक न्याय पर बात की। प्रधानमंत्री ने इन मुद्दों पर कुछ भी नहीं कहा। अगर इन सबके बाद भी नरेंद्र मोदी देश के अगले प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाते हैं तो मुझे चिंता होगी कि हमारे देश का लोकतंत्र उतना स्वस्थ नहीं है, जितना हम सोचते हैं।'

## बेटा प्रज्वल सेक्स स्कैंडल में गिरफ्तार, मां फरार और पिता की ज़मानत पर मंडरा रहा संकट

बेंगलुरु/एजेंसी

प्रज्वल रेवन्ना सेक्स स्कैंडल केस में नया मोड़ आ गया है। इस मामले की जांच कर रही एसआईटी शनिवार को तकरीबन सात घंटे तक हासन में भवानी रेवन्ना के घर पर उसका इंतजार करती रही, लेकिन भवानी एसआईटी के सामने पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुईं। भवानी रेवन्ना प्रज्वल की मां हैं और एसआईटी उनसे एक पीड़ित महिला के अपहरण के सिलसिले में पूछताछ करना चाहती है। एसआईटी ने हासन ज़िले के होलेनरसिंहपूरा में भवानी के घर पर शुक्रवार को नोटिस चिपकाया था ये कहते हुए कि 'के आर नगर के एक पीड़ित महिला के अपहरण के सिलसिले में एसआईटी उनसे पूछताछ करना चाहती है, ऐसे में शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच भवानी अपने घर पर रहे, ताकि एसआईटी की महिला अधिकारी पूछताछ कर सके।'

**प्रज्वल रेवन्ना पर बलात्कार के आरोप**

भवानी रेवन्ना घर पर मौजूद नहीं थी. हालांकि उनके वकीलों ने एसआईटी को जानकारी दी की भवानी स्वास्थ्य कारणों से हाजिर नहीं हो पाई। ऐसे में एसआईटी वापस लौट आई। भवानी रेवन्ना की अग्रिम जमानत की अर्जी सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को खारिज कर दी थी। दरअसल, 28 अप्रैल को प्रज्वल रेवन्ना यौन उत्पीड़न मामले में पहली एफआईआर होलेनरसिंहपूरा में दर्ज की गई थी। रेवन्ना परिवार की पूर्व नौकरानी के बेटे की शिकायत पर सांसद प्रज्वल रेवन्ना और उसके विधायक पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ अपहरण और यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज हुआ।पुलिस ने इस अपहत महिला को बरामद किया और मजिस्ट्रेट के सामने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज करने के बाद प्रज्वल रेवन्ना पर बलात्कार के आरोप से जुड़ी धारा जोड़ दी।



**प्रज्वल की मां पर भी गंभीर आरोप**

इस पीड़ित महिला के बेटे ने बताया कि प्रज्वल की मां भवानी के कहने पर एक आदमी आया और उसकी मां को अपने साथ ले गया, लेकिन उसकी मां वापस आ गई।दूसरी बार फिर उसकी मां को बुलाया गया और इस बार उसका अपहरण कर लिया गया। हालांकि, यौन उत्पीड़न के इस मामले में प्रज्वल की मां के नाम अबतक कोई एफआईआर दर्ज नहीं है। इसके बावजूद एसआईटी की नोटिस को नहीं मानना भवानी रेवन्ना को महंगा पड़ सकता है।

### लोक सभा इलेक्शन एक्जिट पोल

## राहुल गांधी बोले- इंडिया की आएंगी 295 सीटें

## अखिलेश यादव ने समझाई 'क्रोनोलॉजी'



नयी दिल्ली/एजेंसी

एक्जिट पोल पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'काल्पनिक सर्वेक्षण' करार दिया।

जबकि, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एग्जिट पोल को झूठा बताया। जब कांग्रेस नेता राहुल गांधी से पूछा गया कि इंडिया गठबंधन कितनी सीटें जीतेगा। इस पर उन्होंने कहा कि क्या आपने पंजाबी गायक दिवंगत सिद्धू मूसेवाला का गाना 295 सुना है? राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि अलायंस 543 लोकसभा सीटों में से 295 सीटें जीतेगा।

**● एग्जिट पोल से जनमत को दिया जा रहा धोखा**

इस दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी एग्जिट पोल को झूठा ही बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट करते हुए एग्जिट पोल की क्रोनोलॉजी समझाई है। अखिलेश यादव ने लिखा, 'विपक्ष ने पहले ही घोषित कर दिया था कि भाजपाई मीडिया बीजेपी को 300 पार दिखाएगा, जिससे घपला करने की गुंजाइश बन सके। आज का ये भाजपाई एग्जिट पोल कई महीने पहले ही तैयार कर लिया गया था, बस चैनलों ने चलाया आज है। इस एग्जिट पोल के माध्यम से जनमत को धोखा दिया जा रहा है।

**● भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे बयान कर रहे सारी सच्चाई'**

सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि इस एग्जिट पोल को आधार बनाकर भाजपाई सोमवार को खुलने वाले शेयर बाजार से जाते-जाते लाभ उठाना चाहते हैं. अखिलेश यादव ने आगे लिखा, 'अगर ये एग्जिट पोल झूठे न होते और सच में बीजेपी हार न रही होती तो बीजेपी वाले अपनों पर ही इल्जाम न लगाते. भाजपाइयों के मुरझाए चेहरे सारी सच्चाई बयान कर रहे हैं। उन्होंने लिखा कि भाजपाई ये समझ रहे हैं कि पूरे देश का परिणाम चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव की तरह बदला नहीं जा सकता है, क्योंकि इस बार विपक्ष पूरी तरह से सजग है और जनाक्रोश भी चरम पर है।

बीजेपी से मिले हुए भ्रष्ट अधिकारी भी सुप्रीम कोर्ट की सक्रियता देखकर धांधली करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, साथ ही वो जनता के क्रोध का भी शिकार नहीं होना चाहते हैं।



## एक नजर

### लगातार प्रदर्शन के कारण संदेशखाली में धारा 144 लागू



**बशीरहाट।** उत्तर 24 परगना जिला अंतर्गत बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र के संदेशखाली में शनिवार को मतदान के दौरान शुरू हुई अशांति लगातार जारी है। इलाके में लगातार हो रहे विरोध प्रदर्शनों के मद्देनजर संदेशखाली के कुछ इलाकों में रविवार सुबह से कई जगहों पर धारा 144 जारी कर दी गई है। प्रशासन के मुताबिक, न्याजात पुलिस स्टेशन के तहत चार नंबर ग्राम पंचायतों के सरबेरिया, अगरहाटी, बोयरामारी समेत 17 जगहों पर धारा 144 जारी की गई है। यह रविवार सुबह छह बजे से मंगलवार सुबह छह बजे तक प्रभावी रहेगा। उल्लेखनीय है कि शनिवार को मतदान के दौरान ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। हालात पर काबू पाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस छोड़ी जिसके बाद माहौल और गरमा गया। इसी बीच एक पुलिसकर्मी की भी जमकर पिटाई कर दी गयी। फिलहाल उनका कैनिंग अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना के बाद पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

### बच्चों की लड़ाई के बाद खूनी संघर्ष, पांच घायल

**नवादा।** नवादा में बच्चों की लड़ाई में बड़ों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस मारपीट में एक हीं परिवार के कुल पांच लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी को स्थानीय लोगों की मदद से नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह घटना जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोतनाजे गांव की है ,जहां बच्चों की लड़ाई में एक परिवार के पांच लोगों के साथ मारपीट की गई। सभी लोग जख्मी हो गए हैं ,जिसे इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में चांदो चौहान की पत्नी चंपा देवी, श्रीराम चौहान की पत्नी बबीता देवी, रणजीत चौहान की पत्नी चंपा देवी, कमलेश चौहान की पत्नी गुड़िया देवी एवं कमलेश चौहान का पुत्र विपिन कुमार शामिल है। फिलहाल घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। अभी तक किसी पक्ष द्वारा थाने में लिखित रूप से आवेदन नहीं दिया गया है।

### चार मंजिला मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**भागलपुर।** जिले में आदमपुर थाना क्षेत्र के आदमपुर चौक के समीप एक चार मंजिला मकान में रविवार को अचानक आग लग गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के वजह से हादसा हुआ है। हादसे के वक्त घर के कोई सदस्य नहीं थे। स्थानीय लोगों ने आग की लपटों को देख इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। उधर घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद दमकल के तीन छोटी बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंची और घंटो मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना में घर का सारा सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया है। किराएदार मोनू वर्मा ने बताया कि शॉर्ट सर्किट होने के वजह से हादसा हुआ है।

### भीषण गर्मी को लेकर लगाया गया आम के शर्बत का स्टॉल

**भागलपुर।** इस्लामिक यूथ फाउंडेशन बिहार के द्वारा भीषण गर्मी को लेकर रविवार को खलीफाबाग चौक के समीप राहगीरों के लिए आम के शर्बत का स्टॉल लगाया गया। इस मौके पर जिला शांति समिति के सदस्य मोहम्मद तकी अहमद जावेद के द्वारा स्टॉल का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि पिछले कई सालों से इस्लामिक यूथ फाउंडेशन के द्वारा समाज के लिए विभिन्न तरह के कार्य किया जा रहा है। जिसमें अनाथ बच्चों की पढ़ाई, जरूरतमंद लड़कियों की शादी, पेयजल वितरण का काम शामिल है। इस दौरान फाउंडेशन के अध्यक्ष की उपस्थिति में स्टॉल की शुरूआत की गई। इस मौके पर मोहम्मद सैफ खान, मोहम्मद गल्फराज खान, मोहम्मद शाहरुख, मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद कामरान, मोहम्मद फैसल, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद सद्दाम, मोहम्मद टीपू, मोहम्मद शोहराब के साथ साथ फाउंडेशन के सभी साथी मौजूद थे।

### बड़ा शिवालय में लगाया गया शिवलिंग का पौधा

**अररिया।** फारबिसगंज के बड़ा शिवालय मंदिर परिसर में नेपाल के जनकपुर से लाए गए शिवलिंग के पौधे का रविवार को रोपण किया गया।इसी पहले शनिवार शाम को सुंदरनाथ धाम मंदिर परिसर में शिवलिंग पौधे को लगाया गया। प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक संरक्षण को लेकर देव वृक्ष रोपण कार्यक्रम के तहत भारत नेपाल सामाजिक सांस्कृतिक मंच के संयोजन में वृक्षारोपण किया गया।देव वृक्ष शिवलिंग रोपण में जनकपुर धाम वन प्राविधिक समाज और नेपाल सोनार समाज फाउंडेशन का सकारात्मक सहयोग रहा। मौके पर जनकपुर धाम वन प्राविधिक समाज के महासचिव सुरेश शर्मा ने बताया कि शिवलिंग का पौधा अपने आप में अदभुत होने के साथ पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से काफी अहम है। इस पौधे में पुष्प लगभग पांच से छह वर्षों में आता है। इसके पुष्प में ऊपर का आवरण जहां नाग देवता के छत्र को प्रदर्शित करता है तो पुष्प के अंदर वाले भाग में स्पष्ट रूप से शिवलिंग की आकृति होती है।

## बंगाल एग्जिट पोल के बारे में अलग से बात करते हुए ममता ने कहा

# जो कुछ भी कहा जा रहा है वह 'फर्जी' है

**मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि वे 295 सीटें जीतकर सत्ता में आएंगे।**



संवाददाता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव का मतदान सत्र खत्म हो चुका है। इससे पहले आए एग्जिट पोल से संकेत मिले थे कि एनडीए आसानी से सत्ता में वापसी करने जा रही है। ऐसे में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि बूथफेरैट सर्वे 'फर्जी' है। अखिल भारतीय मीडिया से बात करते हुए तृणमूल सुप्रीमो ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सरकार बनती है तो उनकी पार्टी इसमें शामिल हो सकती है। लेकिन वह अभी इस बारे में सोचने को तैयार नहीं हैं। ममता बनर्जी से पूछा गया कि क्या इंडिया गठबंधन सत्ता में आ सकता है? मल्लिकार्जुन खड़गे ने दावा किया कि वे 295 सीटें जीतकर सत्ता में आएंगे। हालांकि इस संबंध में मुख्यमंत्री का कहना है कि वह सीटों की संख्या को लेकर कोई भविष्यवाणी नहीं करना चाहते। हालांकि, बंगाल एग्जिट पोल के बारे में अलग से बात करते हुए ममता ने कहा कि जो कुछ भी कहा जा रहा है वह 'फर्जी' है। उन्होंने कार्यकताओं को मनोबल न खोने की सलाह दी।

लेकिन अगर इंडिया अलायंस सरकार बनती है तो क्या तृणमूल (टीएमसी) होगी? इस संबंध में ममता का दावा है कि अगर ऐसी स्थिति आई तो वह बैठक में जाएंगी। उसके बाद सभी गणनाओं को देखने के बाद ही कोई निर्णय लेंगे। हालांकि, मुख्यमंत्री ने गुस्से भरे लहजे में कहा कि ऐसे 'अप्रिय' सवालों का जवाब देना संभव नहीं है। साथ ही उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर सीपीएम गठबंधन की प्रवक्ता क्यों होगी? उनके शब्दों में, "सीपीएम उन पर नजर रखती है।वे प्रवक्ता क्यों होंगे? मेरे पास इस बारे में एक प्रश्न है। इसके अलावा उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, "जो लोग मोदी को जिता रहे हैं, मैं उनसे कहता हूं कि इस बार लेकिन इतने आसान नंबरों से वे इतनी आसानी से पास नहीं हो पाएंगे।"

संयोग से, इंडिया गठबंधन की बैठक शनिवार को ही हुई थी। खड़गे ने चुनाव के बाद अपनी रणनीति तय करने के लिए वह बैठक की थी। लेकिन तृणमूल शिबिर उस बैठक से अनुपस्थित थे। ममता ने पहले बताया था कि रेमला चक्रवात राहत शिविर और आखिरी दौर के मतदान के कारण तृणमूल बैठक में शामिल नहीं हो सकेगी। इस बीच जब कल खड़गे से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, "हम एकजुट हैं, बांटने की कोशिश न करें।"

### सिलीगुड़ी रामकृष्ण मिशन मामले के मुख्य आरोपित प्रदीप राय गिरफ्तार



संवाददाता

**कोलकाता।** रामकृष्ण मिशन मामले के फरार मुख्य आरोपित प्रदीप राय को सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस की स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने भक्ति नगर थाने की पुलिस की मदद से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने घटना के 12 दिन बाद शनिवार रात सिलीगुड़ी जंक्शन से उस समय गिरफ्तार किया जब वह शहर से निकलने की कोशिश कर रहा था। उल्लेखनीय है कि सालूगाड़ा स्थित रामकृष्ण मिशन की जमीन पर कब्जा करने के लिए गत 19 मई को भू-माफिया प्रदीप राय ने अपने गुर्गों के साथ मिशन पर हमला किया था। इस दौरान प्रदीप राय के गुर्गों ने तमंचा लहराते हुए मिशन के सुरक्षा गार्ड के हाथापाई कर संतों को जगह खाली करने की धमकी दिया था। जिसके बाद रामकृष्ण मिशन की ओर से भक्ति नगर थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। इधर, घटना सामने आते ही राज्य सरकार का आलोचना शुरू हो गया। साधु-संतों पर हुए हमले से प्रशासन के भूमिका पर सवाल उठने लगे। मामला के तूल पकड़ने के बाद भक्ति नगर थाना की पुलिस ने घटना के करीब चार दिन बाद पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया। इसके कुछ दिन बाद तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया। इन सभी से पूछताछ के बाद पुलिस ने शुक्रवार को केजीएफ ग्रुप के मास्टरमाइंड आलोक दास को गिरफ्तार कर लिया। एसओजी को गुप्त सूचना मिली कि रामकृष्ण मिशन मामले का मुख्य आरोपित प्रदीप राय शहर से बाहर निकले की कोशिश में है। सूचना पर शहर से बाहर निकलने वाली मुख्य रास्तों, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर चौकसी बढ़ा दी। पुलिस की चौतरफा घेराबंदी से अनजान आरोपित प्रदीप राय जैसे देर रात शहर से निकलने के लिए सिलीगुड़ी जंक्शन पहुंचे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## नवादा लोकसभा चुनाव मतगणना की तैयारियां पूरी

# विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध : डीएम



एजेंसी

**नवादा।** नवादा समाहरणालय सभागार में डीएम प्रशांत कुमार सी.एच. एवं एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने मतगणना को लेकर प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता में डीएम ने कहा कि 4 जून में को सुबह 8 बजे से लोकसभा आम निर्वाचन का मतगणना कार्य केएलएस कॉलेज में निर्धारित है। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध है। वहीं एसपी ने कहा कि मतगणना को लेकर काफी संख्या में केंद्रीय बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा के तीन स्तरीय घेरे में मतगणना का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विजय जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा। नवादा में 19 अप्रैल को हुए लोकसभा चुनाव के बाद 4 जून को मतगणना होगी। जिसकी पूरी तैयारी कर ली गई है।

डीएम प्रशांत कुमार सी.एच. ने बताया कि ईवीएम मतगणना एवं पोस्टल बैलेट मतगणना चार को होगी। इसके तहत ईवीएम मतगणना को प्रत्येक विधानसभा के लिए निर्धारित 14 टेबल पर प्रति टेबल 03 कर्मी यथा- मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किये गये हैं।

डाक मतपत्र की मतगणना हेतु कुल 14 टेबल पर 4 कर्मी यथा- मतगणना पर्यवेक्षक, 2 मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर इस कार्य हेतु प्रतिनियुक्त किये गये हैं। मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण निम्न प्रकार निर्धारित किया गया है। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 हेतु नवादा जिलान्तर्गत मतगणना कार्य हेतु प्रतिनियुक्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइको ऑब्जर्वर तथा पोस्टल बैलेट हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण विधानसभा 3 जून की 10:00 बजे पूर्वा0 से 12:30 बजे अप0 तक मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा मध्य विद्यालय केन्दुआ, नवादा में कुल आठ (08) कमरों में 48-48 के समुह में मतगणना से संबंधित प्रशिक्षण सम्पन्न किया जाएगा। प्रशिक्षणोपरांत प्रशिक्षणार्थियों की एक दक्षता जांच परीक्षा भी ली जाएगी। प्रशिक्षण स्थल पर विभिन्न कोषांग / कार्यालयों को कर्तव्य और दायित्व सौंपा गया है। जिलाधिकारी प्रशांत कुमार ने बताया कि परिणाम घोषित किए जाने के बाद विजय जुलूस पर प्रतिबंध लगा दिए गए हैं।इसके तहत किसी को भी जलूस निकालने की छूट नहीं दी जाएगी।उन्होंने कहा कि मतगणना केंद्र के निकट वाहन रख रखाव के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।उन्होंने कहा कि मीडिया कर्मियों के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। जहां सारी सुविधाएं उनके लिए उपलब्ध रहेगी। उन्होंने कहा कि किसी को भी मोबाइल फोन ले जाने की छूट नहीं मिलेगी।लेकिन मीडिया कर्मी मतगणना केंद्र में स्थापित मीडिया सेंटर तक मोबाइल फोन ले जा सकते हैं।

### 'भयभीत' मंगलकोट चाहता है कि इलाके में शांति लौटे




संवाददाता

**कोलकाता।** मौजूदा स्थिति मंगलकोट में हाल ही में मंगलकोट के नूतनहाट स्थित ब्लॉक तृणमूल कार्यालय पर कब्जे और उसे खाली कराने को लेकर पूरे इलाके में काफी उत्साह है मंगलकोट में विभिन्न सड़कों के साथ-साथ दिग्गज स्थानीय नेताओं के घर। ऐसे ही हालात में पिछले शुक्रवार की सुबह स्थानीय निवासियों के एक समूह ने एक बकरी चोर को पेशेवर भाड़े का गुंडा समझकर पीट-पीटकर मार डाला। बाद में मंगलकोट थाने की पुलिस ने पहले बदमाश को हिरासत में लिया और पूछताछ में कई चोरियों के बारे में पता चलने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलकोट पुलिस स्टेशन के आईसी मधुसूदन घोष महाशय ने कहा, बाजेप्रतापपुर के सेख काजल नाम के व्यक्ति को कटवा सब-डिविजनल कोर्ट एसीजेएम इजलास में पेश किया गया है।

लोकसभा चुनाव परिणाम घोषित होने से पहले ही मंगलकोट गरमा गया। ज्ञात हो कि मंगलकोट ग्राम पंचायत के पूर्व उप मुखिया चंदन सरकार उर्फ शान्तो बनाम वर्तमान उप मुखिया रहीम मल्लिक के बीच विवाद है। इलाके की भीड़ किसके हाथ में होगी? दोनों पक्ष उससे प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। दोनों तरफ से भारी संख्या में मोटरसाइकिल फोर्स है। कुछ दिन पहले मंगलकोट ब्लॉक के तृणमूल कार्यालय पर कब्जे की कार्रवाई के दौरान दोनों तरफ से कई लोग लाठी-डंडे लेकर हमला करने गये थे, तभी मंगलकोट आईसी मधुसूदन घोष ने भारी पुलिस बल के साथ उन्हें रोक दिया एक-दूसरे पर हमला फिलहाल ब्लॉक तृणमूल कार्यालय में पुलिस का पहरा है। ताकि किसी भी तरह से अशांति न बढ़े। इलाके में निगरानी के लिए करीब तीन सौ सीसीटीवी कैमरे हैं। मौजूदा स्थिति में स्थानीय थाने की पुलिस ने और भी सीसीटीवी कैमरे लगा दिये हैं। ये सीसीटीवी कैमरे दोनों पार्टियों के निशाने पर रहे नेताओं के घरों के सामने की सड़कों पर लगे हैं, खासकर सदर मंगलकोट इलाके में।

यह सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष उपाय किए गए हैं कि परित्यक्त पुराने पुलिस स्टेशन का उपयोग संगठित अपराध के लिए सुरक्षित गलियारे के रूप में नहीं किया जा सके। मंगलकोट के नूतनहाट इलाके में लॉज/होटल मालिकों को सलाह दी गई है कि वे अनजान व्यक्तियों को कमरे किराए पर न दें।

### एसएसबी के उप महानिरीक्षक ने रक्सौल बार्डर का किया निरीक्षण

**पूर्वी चंपारण।** सशस्त्र सीमा बल मुख्यालय, नई दिल्ली के उप महानिरीक्षक (प्रचालन)सुधांशु नौटियाल ने रक्सौल बार्डर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने बार्डर पर प्रतिनियुक्त 47वीं वाहिनी के कार्यक्षेत्र के विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और बलकर्मियों के साथ बातचीत की। अपने दौरे के दौरान, उप महानरीक्षक (प्रचालन) ने 47 वी वाहिनी रक्सौल के वाहिनी मुख्यालय रक्सौल, सीमा चौकी (बीओपी) धूपवाटोला, एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) रक्सौल, कस्टम कार्यालय रक्सौल, समवाय मुख्यालय महादेवा, बीओपी हरपुर, और रक्सौल में मैत्री पुल का दौरा किया। इनके दौरे का उद्देश्य परिचालन तत्परता की समीक्षा करना, सुरक्षा उपायों को सुनिश्चित करना, और तैनात बलों की तात्कालिक समस्याओं का समाधान करना था।

### रामकृपाल यादव पर बीती देर शाम हमला बाल-बाल बचे, समर्थक को आई चोट



एजेंसी

**पटना।** बिहार में पाटलीपुत्र लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार रामकृपाल यादव पर शनिवार देर शाम (1 जून) को मसौढ़ी से लौटने के दौरान अज्ञात हमलावरों ने उन्हें निशाना बनाकर ईंट-पत्थर फेंके और गोली चलाई। रामकृपाल यादव इस हमले में बाल-बाल बच गए। उनके साथ कार में सवार उनके एक समर्थक को चोट आई। रामकृपाल यादव ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत में बताया कि उन्हें बूथ पर अवैध तरीके से एक महिला विधायक के घुसने की सूचना मिली थी। उसी का निरीक्षण कर वे लौट रहे थे। इसी दौरान तिनेरी गांव में समर्थकों से मिलने गए। अचानक पिंजड़ी गांव के बाहरी इलाके में ही 20 से 25 लोगों ने घेरकर हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि ईंट-पत्थर के अलावा फायरिंग भी की गई। गांव के एक समर्थक ने उन्हें बचाने की कोशिश की तो उसे बंदूक के बट से पीटा गया। वे हमलावरों को नहीं जानते हैं। पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजीव मिश्रा ने बताया कि आवेदन में उल्लेख है कि उनके काफिले पर हमला किया गया। इस दौरान गोली चलाई गई है। आवेदन के आधार पर एफआईआर किया गया गया है। बाकी सारे बिंदु अनुसंधान के क्रम में स्पष्ट किए जाएंगे। 9 प्राथमिकी अभियुक्तों का उल्लेख है। घटना बीती रात 7:30 के बाद की है। पटना पूर्वी एसपी भरत सोनी ने फोन पर बातचीत में बताया कि पटना-जहानाबाद रोड पर तिनेरी गांव के पास रामकृपाल यादव के काफिले पर हमले की सूचना मिली थी। कार्यकर्ता चोटिल हुए हैं। रामकृपाल यादव की ओर से आवेदन दिया गया है।

## भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर ने की भारतीय दर्शन की परंपरा को पुनर्जीवित करने की पहल

# भारतीय दर्शन को पूरी दुनिया ने नए सिरे से जाना



संवाददाता

**कोलकाता।** देशी शिक्षा के बजाय 1835 में लॉर्ड मैकाले ने इस देश में पश्चिमी शिक्षा प्रणाली शुरू की। लेकिन इससे भारतीय दर्शन की शिक्षा में कभी कमी नहीं आई। इसके बाद 1893 में शिकागो धर्मसभा में हिंदू धर्म के संन्यासी स्वामी विवेकानंद, ब्रह्म धर्म के प्रतिनिधि प्रतापचंद्र मजूमदार, जैन धर्म के प्रतिनिधि वीरचंद गांधी और बौद्ध धर्म के प्रतिनिधि अनागारिक धर्मपाल (श्रीलंका) के माध्यम से पूरी दुनिया ने भारतीय दर्शन की गहराई को नए सिरे से जाना। इसके बाद भारतीय दर्शन विश्व भर में लोकप्रिय होने लगा। मार्गरेट नोबल (भगिनी निवेदिता), मीरा अल्फांसा (श्रीमां), रोमा रोलां, मैक्समूलर जैसे विदेशियों ने भारत आकर या अपने देश में भारतीय दर्शन की शिक्षा देना शुरू किया। लगभग पांच सौ साल पहले श्रीचैतन्य महाप्रभु ने भक्ति की जो धारा शुरू की थी, उसे भक्ति सिद्धांत सरस्वती प्रभुपाद ने आगे बढ़ाया। उनकी निजी लाइब्रेरी अब भारतीय दर्शन का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। इस देश के वैष्णव दर्शन को विदेशों में एसी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने इसकोन के माध्यम से फैलाया।

भारतीय दर्शन की विरासत और विभिन्न धाराओं को प्रस्तुत करने के साथ-साथ अब कोलकाता के भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर ने भारतीय दर्शन की उस परंपरा को पुनर्जीवित करने की पहल की है। यह संस्था भारतीय ध्रुपदीय दर्शन और पश्चिमी दर्शन के साथ-साथ इस देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत पर भी लंबे समय से शोध और संरक्षण का काम कर रही है। अब नई पीढ़ी को दर्शन की शिक्षा देने के लिए उन्होंने ध्रुपदीय भारतीय दर्शन और पश्चिमी दर्शन पर कार्यशाला और ऑडियो-विजुअल ऑनलाइन कोर्स शुरू किया है, जहां गोवा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर कोशी थ्राकन, आइआइआइटी नई दिल्ली के प्रोफेसर निशाद पट्टनायक, अमेरिका के यूनिवर्सिटी ऑफ टेनेसी के प्रोफेसर इथान मिल्स, नॉर्वे के यूनिवर्सिटी ऑफ बर्गेन के प्रोफेसर न्यूट एक्सेल जैकबसन, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एन तिवारी, लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर राकेश चंद और हैदराबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर सीए टोमी जैसे दर्शनशास्त्र के विशेषज्ञ कक्षाएं ले रहे हैं।

कोर्स कोऑर्डिनेटर और पूर्व उपकुलपति निर्माल्य नारायण चक्रवर्ती ने कहा कि कोलकाता में भक्तिवेदांत रिसर्च सेंटर के दर्शन और पांडुलिपि संरक्षण केंद्र में इस विषय पर पहले ही दो कोर्स पूरे हो चुके हैं, जो वर्तमान में यूट्यूब चैनल पर मुफ्त में उपलब्ध हैं।

# लाल खून के नाम पर काला धंधा,एडीएम ने किया रेडक्रॉस कर्मियों से जवाब-तलब



एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** रेडक्रॉस सोसायटी एक ऐसी संस्था है, जो पूरे विश्व में बेहतर रक्त आपूर्ति के लिए विख्यात है। जाहिर है कि उसकी इस पारदर्शिता के कारण आम चिकित्सक भी रेडक्रॉस से ब्लड की आपूर्ति को बेहतर मानते है। दीगर है कि रेडक्रॉस मोतिहारी पिछले दो सालो से पूरी तरह से विवाद में दिख रहा है। पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल से अबतक रेडक्रॉस सोसायटी अपनी कारगुजारियो के लिए सुर्खियो में है। फिलहाल रेडक्रॉस की अगर ऑडिट करा दी जाये, तो करोड़ो की हेराफेरी का मामला उजागर हो जायेगा। ऐसे तो पूर्व चेयरमैन के कार्यकाल से यहां खून के नाम पर काले कारनामे का गोरखधंधा चला आ रहा है। फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में कार्यकारिणी भंग के बाद भी लाल खून के नाम पर काले कारनामें में कमी नहीं आयी है। फिलहाल रेडक्रॉस में पदस्थापित कर्मी खून की बिक्री दलालों के माध्यम से करने में मशगूल है। इधर इसकी जानकारी मिलने के बाद पूर्वी चंपारण जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित टेक्नीशियन से जबाब तलब किया है। रेडक्रॉस के कार्यकारी अध्यक्ष सह अपर समाहर्त्ता आपदा प्रबंधन ने पत्र जारी कर टेक्नीशियन रंजीत कुमार श्रीवास्तव,अमोद कुमार,जीएनएम ओम प्रकाश, कुमार अमृत से 24 घंटे के अंदर जबाब देने को कहा है।


## एक नजर

### अजीश बने इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नए चैंपियन



मंगलुरु। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में भाग लेने वाले तमिलनाडु के सर्फर अजीश अली इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग के नये चैंपियन बने हैं। टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु के सर्फर्स ने सभी चार श्रेणियों ( पुरुष ओपन, महिला ओपन, ग्रोम्स बॉयज और अंडर -16 और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर -16 ) में शीर्ष सम्मान हासिल किया। पिछले साल पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर (2023 आईएसए वर्ल्ड सर्फिंग गेम्स, अल साल्वाडोर) में भाग लेने वाले अजीश अली को पुरुष ओपन वर्ग में नए आईओएस चैंपियन का ताज पहनाया गया वहीं युवा सनसनी कमली मूर्ति ने महिला ओपन और ग्रोम्स गर्ल्स और अंडर-16 दोनों श्रेणियों में जीत हासिल कर अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया विस्तृत समाचार के लिए हमारी सेवाएं लें।

### मुक्केबाज अमित पंघाल ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया



**बैंकॉक।** विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल ने रविवार को यहां दूसरे विश्व क्वालिफिकेशन मुक्केबाजी टूर्नामेंट के 51 किग्रा भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन के चुआंग लियु को हराकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की। पंघाल ने एक कड़े मुकाबले में लियू को 5-0 से हराकर दूसरी बार ओलंपिक के लिए टिकट कटाया। वह ओलंपिक में जगह बनाने वाले भारत के पांचवें मुक्केबाज हैं। उनसे पहले निशांत देव (71 किग्रा), निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं। पंघाल को पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने का केवल एक मौका मिला क्योंकि वह इससे पहले की दो क्वालीफाइंग प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल्स में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया से हार गए थे। एशियाई खेल 2018 के चैंपियन पंघाल ने हालांकि इस मौके का पूरा फायदा उठाया। भारत के दो अन्य मुक्केबाज जैस्मीन लेम्बोरिया (57 किग्रा) और सचिन सिवाच (57 किग्रा) भी ओलंपिक कोटा हासिल करने की दौड़ में हैं।

### माइक टायसन से यूट्यूबर जेक पॉल का मुकाबला स्वास्थ्य कारणों से हुआ स्थगित

**नयी दिल्ली।** माइक टायसन की यूट्यूबर जेक पॉल से रिंग में वापसी को लेकर फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। पूर्व हैवीवेट चैंपियन फिलहाल स्वास्थ्य समस्याओं से गुजर रहे हैं और इसी के डर ने उन्हें वापसी करने से रोक लिया है। मैच को इसके बाद स्थगित कर दिया गया है। आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की है। टायसन जब पिछले रविवार को मियामी से लॉस एंजिल्स आ रहे थे तो उन्हें चिकित्सा इलाज की जरूरत पड़ी थी। चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें ट्रीटमेंट के लिए ले जाया गया था। 20 जुलाई को टेक्सास में पॉल के साथ उनका मैच था। आयोजकों ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि टायसन को गुरुवार को डॉक्टरों के साथ फॉलो अप के बाद आने वाले हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग की सलाह दी गई है। इसके बाद पता चला की उन्हें अल्सर है। जिसके बढ़ने से उन्हें फ्लाइट में समस्याएं आई थीं। साथ ही बयान में कहा गया कि माइक टायसन को सलाह है कि वह अगले कुछ हफ्तों में कम से कम ट्रेनिंग करें और फिर जब मन करे तब पूरी फिटनेस ट्रेनिंग के लिए लौटें। माइक और जेक दोनों इस बात से सहमत हैं कि ये सुनिश्चित करना उचित है कि दोनों एथलीट इस अहम मैच के लिए तैयार हैं या नहीं। आयोजकों ने कहा कि, एथलीट्स का स्वास्थ्य और कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम माइक को जरूरी समय लेने में पूरी तरह से समर्थन करते हैं ताकि वह उस स्तर पर प्रदर्शन कर सकें जिसकी वह खुद से अपेक्षा करते हैं। बयान में कहा गया है कि मुकाबले की नई तारीख की घोषणा सात जून तक की जाएगी।

# एल्डोस पॉल और जेसी संदेश ने जीता स्वर्ण

एजेंसी

**पेरिस।** मीटिंग डी लिमोज 2024 एथलेटिक्स मीट में भारत के एल्डोस पॉल ने ट्रिपल कूद और जेसी संदेश ने ऊंची कूद स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। फ्रांस में शनिवार को स्टेड डी ब्यूब्लांक में पुरुषों की ट्रिपल जंप में प्रतिस्पर्धा में कॉमनवेल्थ गेम्स के चैंपियन एल्डोस पॉल ने 16.24 मीटर की जंप लगाकर प्रतियोगिता जीती। कैमरून के मार्सेल मयाक ने (15.80 मीटर) कूद के साथ रजत पदक तथा अल्जीरिया के एडेम बौलबानी ने (15.79 मीटर) कूद लगाकर कांस्य पदक जीता। भारतीय एथलीट का यह प्रयास पिछले साल क्यूबा में प्रवीण चित्रवेल द्वारा बनाए गए 17.37 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और 17.22 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मार्क से कम रहा। 27 वर्षीय एल्डोस पॉल की वर्ष की दूसरी प्रतियोगिता है। उन्होंने पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में अपने सत्र की शुरुआत में 16.59 मीटर की कूद लगाई थी। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास 16.99 मीटर है, जो दो साल पहले हासिल किया गया था।

बाद में, जेसी संदेश ने विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर चैलेंजर-स्तरीय प्रतियोगिता, लिमोज में पुरुषों की लॉन्ग जंप का खिताब जीता।

28 वर्षीय संदेश ने 2.18 मीटर के प्रयास के साथ स्वर्ण जीता। वहीं नाथन इस्मार और मैक्सिम डुविज की फ्रांसीसी जोड़ी ने 2.14 मीटर की अपनी सर्वश्रेष्ठ जंप के साथ क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। संदेश की जंप 2018 में तेजस्विन शंकर द्वारा निर्धारित 2.29 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से 11 सेमी कम थी। यह 2.33 मीटर के ओलंपिक क्वालीफाइंग मानक को भी पूरा नहीं करती थी। ऊंची कूद में जेसी संदेश का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 2.24 मीटर है, जो पिछले साल हासिल किया गया था। उनका सत्र का सर्वश्रेष्ठ 2.21 मीटर है, जो पिछले महीने ऑस्ट्रिया के ग्राज में सत्र की शुरुआत में दर्ज किया गया था।




## हर्षिता और धनवीर ने गोला फेंक में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी



**स्टेंडल।** भारतीय एथलीट साहिल सिलवाल ने विकेलमैन गेम्स 2024 एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा, हर्षिता सहरावत ने महिला हैमर थ्रो में और धनवीर सिंह ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते।

शनिवार को जर्मनी के स्टेंडल में स्टेडियन एम गैलजेनबर्ग में 23 वर्षीय साहिल ने अपने चौथे प्रयास में 75.36 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हमवतन विक्रांत मलिक ने अपने तीसरे प्रयास में 72.65 मीटर की दूरी के साथ रजत पदक तथा जर्मनी के ओले स्टर्जिक ने 45.85 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स चैंपियन विक्रांत ने अपने तीसरे प्रयास में 70 मीटर का आंकड़ा पार करने से पहले अपने दूसरे प्रयास में 68.91 मीटर थ्रो के साथ बढ़त बनाई। हालांकि, विक्रांत की बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रही क्योंकि साहिल अपने चौथे प्रयास में 75.36 मीटर थ्रो करने में सफल रहे। विक्रांत ने अपने अंतिम तीन प्रयासों में लगातार 72 मीटर से अधिक का थ्रो दर्ज किया, लेकिन वह अपने हमवतन खिलाड़ी को शीर्ष स्थान से हटाने में सफल नहीं हो सके। साहिल और विक्रांत ने पिछले महीने स्लोवेनिया में पैट्रिका केवेटाना में मेमोरियल मैटिका सस्टरसिका में भी इसी तरह पहले और दूसरे स्थान पर फिनिश किया था।

इस बीच धनवीर सिंह ने अपने अंतिम प्रयास में 18.62 मीटर थ्रो के साथ पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। हर्षिता सहरावत ने महिलाओं के हैमर थ्रो में 57.39 मीटर की दूरी के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपनी हमवतन तान्या चौधरी को पीछे छोड़ दिया, जिन्हें अपने अंतिम प्रयास में 57.08 मीटर थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा था। इस जीत के साथ ही हर्षिता ने इस सत्र में चार बार शीर्ष स्थान हासिल किया है, जिसमें पिछले महीने भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में भी पहला स्थान शामिल है। इस बीच, तान्या सभी चार प्रतियोगिताओं में हर्षिता के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

# अभ्यास मैच में भारत ने बांग्लादेश को दी मात



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अपने अभ्यास मैच में टॉस जीत के पहले बल्लेबाजी करने का फैसला। बल्लेबाजी करते हुए भारते के तरफ से कई शानदार पारी देखने को मिली। ऋषभ पंत ने इस मैच में कमाल की अर्धशतकीय पारी खेली। वही हार्दिक और सूर्या के बल्ले से भी ताबड़तोड़ शॉट देखने को मिले थे। पहले खेलते हुए भारत ने 182 रन बनाए थे। जिसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश कुछ खास नहीं कर पाई। जिसकी वजह से वो 20 ओवरों में केवल 122 रनों तक ही पहुंच सकी और 60 रनों से मैच हार गई।

भारत के खिलाफ रनों का पीछा करने उतरी बांग्लादेश की टीम के शुरुआत अच्छी नहीं रही। पहले 41 रनों के भीतर ही बांग्लादेश की आधी टीम पवेलियन के लिए लौट गई थी। जिसके बाद शाकिब अल हसन और महमूदुल्लाह के बीच काफी कमाल की साझेदारी देखने को मिली। जिसके दम पर बांग्लादेश की टीम 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 122 रनों तक पहुंच सकी। भारत ने इस मैच में कुल 8 गेंदबाजों का इस्तेमाल है। अर्शदीप और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले तो ही बुमराह, सिराज, हार्दिक और अक्षर पटेल को 1-1 विकेट मिले। भारत के लिए हर गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी की करके के कप्तान के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। भारत के तरफ से कप्तान रोहित भी बड़ी पारी खेल पाने में नाकाम रहे और 19 गेंदों पर 23 रन बना के पवेलियन चले गए। उसके बाद बल्लेबाजी करने आए ऋषभ पंत ने अपने बल्ले से कमाल की पारी खेली। पंत ने 32 गेंदो पर शानदार 53 रनों की पारी खेल करके रिटायर आउट हो गए।


# नॉर्वे शतरंज : प्रगनानंद ने दर्ज की दूसरी क्लासिकल

एजेंसी

**स्टवान्गर (नॉर्वे)।** नॉर्वे शतरंज 2024 में भाई-बहन की जोड़ी आर प्रगनानंद और आर वैशाली ने अपनी जीत के सफर को जारी रखते हुये टूर्नामेंट के राउंड पांच में महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।

स्पेयरबैंक 1, एसआर-बैंक में आयोजित टूर्नामेंट में एक दिन के आराम के बाद वैशाली ने नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में आमार्गेडन टाई-ब्रेकर में जीएम लेई टिंगजी को मात देकर बढ़त बनाए रखी, वहीं प्रगनानंदा ने विश्व नंबर 2 फैबियानो कारूआना को हराकर प्रतियोगिता में अपनी दूसरी क्लासिक जीत दर्ज की।

इस बीच नॉर्वे शतरंज के मुख्य कार्यक्रम में, हिकारू नाकामुरा ने विश्व चैंपियन डिंग लिरेन पर जीत के बाद अपनी बढ़त बढ़ा दी। नौ साल में पहली बार, लिरेन को लगातार तीसरी बार शिकस्त देने वाले नाकामुरा को 2800 से अधिक रेटिंग दी गई है। एक अन्य रोमांचक मैच में, मैग्नस कार्लसन क्लासिकल गेम में अलीरेजा फिरोजा पर विजयी हुए। कार्लसन कुल नौ अंकों के साथ टूर्नामेंट में नाकामुरा से सिर्फ एक अंक पीछे हैं, जबकि प्राग 8.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। महिलाओं के टूर्नामेंट में अन्ना मुजिकचुक ने लगातार दूसरी क्लासिकल जीत दर्ज की। महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन ने आमार्गेडन में भारत की कोनेरू हम्पी को हराया। इस जीत के साथ, वेनजुन ने आमार्गेडन में सभी पांच मैच जीते हैं।




### वर्ल्ड चैंपियन बनने पर टीम होगी मालामाल

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का आगाज 2 जून से हो गया। अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में आयोजित होने वाले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में कुल 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को 5-5 के चार ग्रुप में बांटा गया है। भारतीय टीम को उसके चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के साथ ग्रुप ए में रखा गया है। टीम इंडिया का पहला मैच 5 जून को आयरलैंड से है। भारतीय खिलाड़ियों ने न्यूयॉर्क पहुंचकर प्रैक्टिस शुरू कर दी है। रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया 17 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने के इरादे से वर्ल्ड कप में पहुंची है। भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड सहित मेजबान वेस्टइंडीज भी खिताब के प्रबल दावेदारों में शुमार है। वर्ल्ड चैंपियन बनने पर टीम को ना सिर्फ चमचमाती ट्रॉफी दी जाएगी बल्कि प्राइज मनी के तौर पर उसे मोटी रकम भी मिलेगी। वहीं उप विजेता को भी करोड़ों रुपये दिए जाएंगे।

# युवराज सिंह ने दी भारतीय टीम को सलाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अमेरिका में टी20 विश्व कप की शुरुआत हो चुकी है और पहले मैच में अमेरिका ने जीत भी दर्ज कर ली है। इसी भारतीय टीम के पूर्व स्टार खिलाड़ी युवराज सिंह ने बयान दिया है। जिसमें युवराज ने भारतीय टीम को बड़ी सलाह दी है और कहा की भारत को अपने क्षमता पर खेलने की जरुरत है। भारतीय टीम ने अपना इकलौता अभ्यास मैच बांग्लादेश के खेला है। जिसमें टीम के हर खिलाड़ी ने अपने तरफ से काफी कमाल का प्रदर्शन किया है। युवराज ने कहा की भारतीय टीम में कौशल और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप में दूसरी बार ये ट्रॉफी जीतने के लिए पिछले 17 साल से इंतजार कर रही है। इस टी20 विश्व कप में भारत इस सूखे को जरुर खत्म करना चाहेगी। युवराज से जब आईसीसी ट्रॉफी को कई साल से ना जीत पाने का सवाल किया गया। तो इस पर युवराज ने कहा की मेरा मानना है कि बड़े टूर्नामेंट जीतने के लिए हमारे पास आत्मविश्वास है। अगर हमारी टीम अपने क्षमता के हिसाब से खेलेगी को वो इस साल खिताब अपने नाम कर लेगी। हमने अपने मजबूत पक्षों पर ध्यान दिया है और हमें इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए कि विपक्षी टीम हमें कहां नुकसान पहुंचा सकती है। आईसीसी विश्व कप की तैयारी के लिए आईपीएल सबसे बेहतरीन मंच है और मुझे पूरी आशा है कि भारत के लिए यह शानदार टूर्नामेंट होगा।



### अमेरिका में पहली बार खेला जा रहा टी20 विश्व कप

अमेरिका में पहली बार टी20 विश्व कप का आयोजन आईसीसी करवा रही है। अमेरिका के साथ ही वेस्टइंडीज भी इस विश्व कप की मेजबानी कर रही है। आईसीसी ने क्रिकेट को और देशों में फैलाने के लिए अमेरिका में ये विश्व कप करवा रही है। भारत को अपने सारे लीग मैच अमेरिका में ही खेलने है। जिसके बाद वो आगे के सफर के लिए वेस्टइंडीज का रुख करेंगी।

# रवींद्र जडेजा को लेकर संजय मांजरेकर ने फिर दिया विवादित बयान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 विश्व कप में कल खेले गए अभ्यास मैच में जीत मिल गई। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 182 रन बना दिए है।

जिसमें सबसे बड़ा योगदान ऋषभ पंत और हार्दिक पांड्या का रहा था। इस मैच में रवींद्र जडेजा को लेकर एक विवाद खड़ा हो गया। बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में जब सूर्या का विकेट गिरा तो जडेजा बल्लेबाजी करने के लिए आए थे।

जडेजा ने पहली गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की लेकिन वो चूक गए और लिटन दास ने स्टंपिंग कर दी। जिसके बाद फैसले के लिए अंपायर ने थर्ड अंपायर का रुख किया था। जब थर्ड अंपायर ने रीप्ले में कई एंगल से देखा और उनको आउट देने के लिए पूरा सबूत नहीं मिल सका। जिसका फायदा जडेजा को मिला और उनको नॉट आउट करार दे दिया गया।

बांग्लादेश के इस अभ्यास मैच में जडेजा की स्टंपिंग हुई तो उस समय संजय मांजरेकर कमेंट्री कर रहे थे। इसी दौरान लिटन दास ने जडेजा को पहली गेंद पर ही स्टंपिंग कर दी और इसके लिए अपील भी की। इसी बीच संजय मांजरेकर ने कहा की यहां ये देखने पर तो ये आउट लग रहा है, लेकिन जडेजा बैटिंग कर रहे हैं तो इसलिए मुझे चुप रहना चाहिए।

जिसके बाद से संजय का ये कमेंट काफी ज्यादा वायरल हो रहा है।

## व्यापार

# आर्थिक मोर्चे पर भारत के नाम रहेगी यह सदीः कांत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आर्थिक मोर्चे पर भारत के लिए एक के बाद एक लगातार अच्छी खबरें आ रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में देश की आर्थिक वृद्धि आठ फीसद से ऊपर रहने और राजकोषीय घाटे में सुधार से आर्थिक विशेषज्ञ हैरान हैं।

इस बीच भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी थिंक टैंक नीति आयोग के पूर्व सीईओ अमिताभ कांत ने कहा कि भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। साल 2047 तक भारत दुनिया की सुपर पावर बन जाएगा। यह सदी भारत के नाम रहेगी। श्री कांत ने राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब 'इंडिया ओडिसीः फ्रॉम



ए डेवलपमेंट कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर' का विमोचन करते हुए कहा कि एक दशक पहले भारत 5 नाजुक अर्थव्यवस्थाओं में शुमार था। लेकिन आर्थिक सुधारों के जरिए यह महज पांच साल में दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। वर्ष 2023-24 में आर्थिक वृद्धि 8.2 फीसद और राजकोषीय घाटा कम होकर जीडीपी के 5.6 फीसद पर आना भारत के विकास के लिए शुभ संकेत है। आज दुनिया भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा है कि अब दुनिया की शीर्ष एजेंसियां भारत के आर्थिक प्रदर्शन पर सकारात्मक रुख अपना रही हैं। आईएमएफ ने कहा है कि भारत अगले दशक में दुनिया की आर्थिक वृद्धि में करीब 20 फीसद का योगदान देगा। साल 2047 तक भारतीय अर्थव्यवस्था 35 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। अगले पांच साल में जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन जाएगा। विकास के इस सफर में डिजिटल पेमेंट प्रणाली अहम भूमिका निभा रही है।

# व्यापार एवं लघु उद्योग बेहद आशान्वित : कैट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने आज कहा कि देश के व्यापारियों और लघु उद्योगों सहित व्यापरिक समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल को लेकर बेहद आशान्वित है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री और चांदनी चौक से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार प्रवीन खंडेलवाल ने रविवार को कहा कि व्यापारी वर्ग देश के व्यापार और अर्थव्यवस्था के लिए आगामी पांच वर्षों को बेहद महत्वपूर्ण मान रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में देश के छोटे व्यापारियों के लिए अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं, जिनसे देश में व्यापार में वृद्धि हुई है और इसी नीति के आगे भी जारी रहने की उम्मीद है।

खंडेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप आने वाले वर्षों में व्यापार के अनेक क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद है। घरेलू व्यापार और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने, भारत के वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी सुधारने ओपी और कर संरचना को सरल बनाने के लिए नई पहल तथा व्यापार एवं लघु उद्योग के लिए नीतिगत समर्थन और महत्वपूर्ण कदम की आशा है ताकि कर अनुपालन आसानी से हो और सरकार के राजस्व में वृद्धि हो सके तथा जिसके बल पर भारत विश्व में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्तमान में सकारात्मक माहौल और अपेक्षित राजनीतिक स्थिरता को देश के मजबूत विकास की कुंजी माना जा रहा है। बुनियादी ढांचे के विकास और पूंजीगत व्यय की गति जारी रहने की उम्मीद है, जो बाजारों में वित्तीय तरलता सुनिश्चित करेगा और उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति को बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को बिजली, बुनियादी ढांचा, रियल एस्टेट और पर्यटन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कदम उठाये जाने की उम्मीद है वहीं छोटे व्यापारियों के व्यापार को आधुनिक तरीकों से जोड़े जाने तथा व्यापार के नए अवसर पैदा करने पर भी जोर रहने की उम्मीद है। यह देश में व्यापार वृद्धि को बढ़ावा देंगे और वैश्विक निवेश को आकर्षित करेंगे। यह श्री मोदी की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के अनुरूप है। नवीन विचारों वाले युवाओं के लिए समर्थन नीतियों की भी उम्मीद है, जिससे स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत किया जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### भीषण गर्मी पेयजल के लिए मची त्राहि-त्राहि

- अधिकारियों को ज्ञापन पर ज्ञापन कोई सुनने वाला नहीं अब तो इंद्र देव आप ही करो महरवानीः सुरेश मीणा किशोरपुरा
- चौफुल्या में खाली मटके लेकर सड़क पर उतरी महिलाएं बेकाबु गुस्सा आक्रोशित ग्रामीण



**चमकता राजस्थान। उदयपुरवाटी / चंवरा (सुमेर सिंह राव)** इलाके के प्रमुख बस स्टेंड चौफूल्या के नेवरी सड़क पर पेयजल की गंभीर समस्या से त्रस्त महिलाओ ने जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर गुस्सा निकाला आदिवासी श्री मीन सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा एव किसान सभा के अध्यक्ष नत्थूराम सैनी के नेतृत्व में किए गए आंदोलन में लोगों ने प्रशासन को चेताया की हमारे धैर्य की परीक्षा ना लें उनका कहना था कि चंवरा चौफुल्या क्षेत्र की ढाणीयो में लगे ट्यूबेलो का पानी सूख चुका है चौफुल्या स्टैंड पर दुकानदारों के लिए भी पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है भीषण गर्मी में लगाए गए टैंकरों का भी अता-पता नहीं है उन्होंने कहा कि पिछले 1 महीने से लगातार पेयजल के अधिकारियों से लेकर उपखंड अधिकारी जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर पेयजल की समस्या से अवगत करवाया जा चुका है पर अब तक कोई परिणाम नहीं निकला इसअवसर पर सरोज देवी, सजनादेवी, भुमा, संतोष,केमली ,मनकोरी, बीरबल, जगदीश, मोहन, शंकर, प्रहलाद, मोती, गगाराम, मनीराम, सोनू सैनी, सचिन, अंकित सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने पक्षियों की सेवार्थ लगाए परिडे

- मिला जनता-जनार्दन का भी भरपूर साथ
- भीषण गर्मी से परिंदों को राहत ही मुख्य उद्देश्य :- राज्यवर्धन सिंह राठौड़



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** उद्योग सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने रविवार को जनता के साथ गांव-मनसा रामपुरा, ग्राम पंचायत- सरना डूंगर में पशु- पक्षियों की सेवा की और निवारु पार्क, निवारु में पक्षियों के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए परिंडे लगाए। राठौड़ ने सभी से गौ सेवा के पथ पर संपूर्ण समर्पण एवं निष्ठा से अग्रसर होने का आग्रह किया। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने मोदी की गारंटी पर अटल-अटूट विश्वास कायम रखने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया और शुभकामनाएं दीं।कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहाकि क्षेत्र के समग्र विकास हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व और कुशल मार्गदर्शन में भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रतिबद्ध है।

# अरूणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में जन समर्थन : सीपी जोशी

## देश की जनता को मोदी गारंटी पर अटूट भरोसा, लोकसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत होगी भाजपा की जीत, नरेन्द्र मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री - सीपी जोशी



**चमकता राजस्थान**

जयपुर, 2 जून। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकसित भारत की संकल्पना को पूर्ण करने की दिशा में जनता का समर्थन बताया है।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने अरुणाचल प्रदेश की जनता को भाजपा पर विश्वास जताने के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश की जनता ने विकास की राजनीति को स्पष्ट जनादेश दिया है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि देश की जनता को मोदी गारंटी पर पूरा भरोसा है, इसी भरोसे से चलते लोकसभा चुनाव में राजस्थान में ही नहीं पूरे देश में भाजपा की प्रचंड बहुमत से जीत होगी, नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहें है।

# अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत होंगे विभिन्न कार्यक्रम एवं जनसुनवाई

## शिक्षा मंत्री का रामगंजमंडी दौरा प्रस्तावित

**चमकता राजस्थान**



**कोटा।** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर सोमवार को रामगंज मंडी के दौरे पर रहेंगे। शिक्षा मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत पौधरोपण कर दिनभर शहर में 6 मीटिंग को सम्बोधित करेंगे। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्रालय और वन विभाग राजस्थान सरकार द्वारा अमृत पर्यवाराण महोत्सव के तहत एक पेड़ देश के नाम महाभियान होंगा। जिसमे एक ही दिन में प्रदेशभर में लाखो पौधे लगाए जायेंगे। जिसको लेकर शिक्षा मंत्री प्रदेशभर में दौरे कर रहे है। शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री दिलावर सुबह 8 बजे कोटा आवास से रामगंजमंडी के लिए रवाना होंगे। जो सुबह 9:30 बजे शहर के डिवाइन स्कूल में क्षेत्र के निजी स्कूल, सरकारी स्कूल और कोचिंग संस्थानों के संचालको से महाभियान को लेकर परिचर्चा कर महाभियान में जुड़ने का आ’ ’ान करेंगे। जिसके बाद स्कूल परिसर में पौधरोपण भी किया जाएगा। जिसके बाद पंचायतीराज मंत्री दिलावर सुबह 11 बजे इंडोर स्टेडियम में खैराबाद पंचायत समिति और रामगंजमंडी नगर पालिका के सरपंच, पार्षद, पंचायत समिति सदस्य, जिला परिषद सदस्य से अमृत पर्यावरण महोत्सव की परिचर्चा करेंगे। वही दोपहर 12:30 बजे इंडोर स्टेडियम में वकील, सीए, डॉक्टर्स, पेट्रोल पम्प, और गैस संचालको की मीटिंग लेंगे। दोपहर 2:30 बजे अमृत पर्यावरण महोत्सव के तहत किराना व्यापारी, कपड़ा, रेडिमेंट, मोबाइल शॉप, कृषि उपजमंडी व्यापारी, सब्जी विक्रेताओ की कृषि उपजमंडी के मीटिंग हॉल में रहेंगी। वही शाम 4 बजे शिक्षा मंत्री दिलावर ओधोगिक क्षेत्र कुदायला पहुंचेंगे। जो कोटा स्टोन एसोसिएशन भवन में कोटा स्टोन व्यापारियों से एक पेड़ देश के नाम महाभियान में ओधोगिक क्षेत्र में पौधरोपण करने को लेकर योजना बनाई जाएंगी।वही दौरे में शाम 6 बजे शिक्षा मंत्री पालिका सभागार में गौशाला, साधु संत महंत, पुजारीगण, सामाजिक एवं स्वयं सेवी संस्थानो और सभी समाजो के प्रमुख पदाधिकारियों की मीटिंग लेंगे। जिसमे भी महाभियान में शामिल होंगे का आवाहन होंगा। जिसके बाद शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री का काफिला कोटा की ओर प्रस्थान होंगा।

### राजभवन में मनाया तेलंगाना स्थापना दिवस

- संविधान सर्वोच्च, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहें :- कलराज मिश्र
- राज्यपाल ने तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर किया मुखर रूप से आत्मीय संवाद



**चमकता राजस्थान। जयपुर। (खलील कुरैशी)** राजभवन में रविवार को तेलंगाना राज्य का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल कलराज मिश्र ने इस अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए तेलंगाना के स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनसे संवाद भी किया।मिश्र ने तेलंगाना के इतिहास की चर्चा करते हुए इस प्रदेश को पर्यटन की दृष्टि से भी समृद्ध बताया। उन्होने कहा कि तेलंगाना शब्द का इस्तेमाल निज़ामों ने अपने राज्य के मराठी भाषी क्षेत्रों से इसे अलग करने के लिए किया था। तेलंगानाऐतिहासिक दृष्टि से बहुत समृद्ध प्रदेश है। हैदराबाद तेलंगाना का सबसे विशाल और सबसे अधिक आबादी वाला शहर है और यह दक्षिण-मध्य आंतरिक भारत का प्रमुख शहरी केंद्र है। उन्होंने युवा राज्य तेलंगाना में नवाचार और उद्यमिता के प्रयासों की सराहना की तथा इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना की।राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजभवन में राज्यों के स्थापना दिवस तेलंगाना राज्य स्थापना दिवस समारोह जून, 2024 मनाने के पीछे भावना यही है कि एक भारत श्रेष्ठ भारत की सोच से हम सभी जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में भाषाई, रहन-सहन, खान-पान की विविधता के बाद भी हमारे यहां एकता का भाव है। इसी से समरसता का निर्माण होता है।

उन्होंने संविधान को सर्वोच्चबताते हुए अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति भी सजग रहने का आ’ ’ान किया। उन्होंने कहा कि संविधान भारतीय जीवन मूल्यों का जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने संविधान की मूल प्रति पर उकेरे चित्रों की चर्चा करते हुए कहा कि इनमें भारत के इतिहास और संस्कृति के साथ उदात्तजीवन मूल्यों का ओज समाया हुआ है। इस अवसर पर तेलंगाना के स्थानीय लोगों ने राजस्थान के अपनत्व भरे वातावरण की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल तथा प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल भी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अरूणाचल प्रदेश की जनता का जताया आभार

## देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति समर्पण और अनन्य विश्वास : भजनलाल शर्मा



**चमकता राजस्थान**

जयपुर। (खलील कुरैशी) मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अरूणाचल प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर वहां की जनता का आभार जताया है। शर्मा ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति अटूट विश्वास है। पिछले एक दशक में गरीब कल्याण की योजनाओं, विकास कार्यों, सीमाओं की सुरक्षा,विश्व में भारत के बढ़ते गौरव ने यह विश्वास कायम किया है। अरूणाचल प्रदेश की जनता ने इसी विश्वास को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी के विजयी रथ को आगे बढ़ाया है।शर्मा ने '4 जून को 400 पार' का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में भी पू-रे देश में प्रचंड विजय हासिल करेगी। राजस्थान में 2014 एवं 2019 के लोकसभा चुनाव का इतिहास दोहराया जाएगा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व और मजबूत होगा।

**शिक्षा के महत्व और उपयोगिता पर रहा कार्यक्रम का फोकस**

# मनोहरपुर मुस्लिम समाज के प्रतिभावान एवं मेधावी विद्यार्थियों का किया गया बेहतरीन सम्मान कार्यक्रम आयोजित

## द ब्राइट फ्यूचर फाउंडेशन के तत्वावधान में जोरदार अंदाज में विद्यार्थियों की गयी हौसला अफजाई

**चमकता राजस्थान**











**मनोहरपुर (खलील कुरैशी)** । जयपुर ग्रामीण की नगरपालिका मनोहरपुर कस्बे के दौसा मोड़ स्थित चौहान मैरिज गार्डन प्रांगण में रविवार को शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर परिक्षा परिणाम में क़ाबिल ए तारीफ अंक प्राप्त - करने वाले मेधावी और प्रतिभावान मुस्लिम छात्र-छात्राओं का द - ब्राइट फ्यूचर फाउंडेशन के तत्वावधान में जोरदार सम्मान, समारोह ओर हौसला अफजाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान होनहारों के प्रतिभा सम्मान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए निसार खान, इब्राहिम खान एवं अंजुम ने बताया की मनोहरपुर कस्बे की होनहार और प्रतिभावान छात्रा आयशा रंगरेज ने 12 वी विज्ञान वर्ग में 98 प्रतिशत, इसके साथ ही मेधावी छात्रा सुमैया बानो ने 12 वीं कला वर्ग में 94.60 प्रतिशत, इसी वर्ग में सुहाना बानो ने 91.60 प्रतिशत वही कक्षा 10 वी में हाफिज खान ने 91.17 प्रतिशत, इनाम मोहम्मद ने 91.17 प्रतिशत, सना बानो ने 81.17 प्रतिशत, सानिया बानो ने 76 प्रतिशत सहित कक्षा 12 वी में कुल 35 विधार्थी व 10 वी में 32 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उच्च अंक लाकर अपने मनोहरपुर और मुस्लिम समाज का नाम रौशन किया है निश्चित रूप से होनहारों का शिक्षा के क्षेत्र उत्कृष्ट प्रदर्शन है जो आने वाली हमारी युवा पीढ़ी ख़ासकर अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शित करेगा और उनमें शिक्षा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सफ़लता अर्जित करने की प्रेरणा के भाव को जागृत करेगा हमें आगे आकर इन समाज मेधावी रत्न ों का सम्मान करके इनकी हौसला अफजाई करनी चाहिए। इस दौरान दा ब्राइट फ्यूचर फाउंडेशन समिति द्वारा मुस्लिम समाज के होनहार और प्रतिभावान विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर, साफ़ा बंधवाकर, प्रशस्ति पत्र, एवं शील्ड आदि देकर गर्मजोशी से शानदार हौसला अफजाई करी गयी इस अवसर उपस्थित वरिष्ठ और गणमान्य समाजसेवियों ने अपने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व और इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डाला तथा शिक्षा क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को अपनी दुआओं से नवाजा तथा भविष्य में अपने अपने लक्षय निर्धारित करके शिक्षा के क्षेत्र में मनोहरपुर मुस्लिम समाज का परचम लहराते हुए समाज और देश की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहने की दिशा में प्रेरित किया इसके साथ ही राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय तोपचीखाना मनोहरपुर के 12 वीं कक्षा का कला वर्ग में 100% परिक्षा परिणाम की भी जमकर सराहना करते हुए विद्यालय के शिक्षकों स्टाफ,और विद्यार्थियों एवं शिक्षा मित्रों की भी तारीफ करी

**● कार्यक्रम में ये जागरूक और समाजसेवी रहे मौजूद**

» इस दौरान आयोजनकर्ता निसार खान, इब्राहिम खान,अंजुम खान इमरान खान, तौसीफ अहमद,अब्दुल हफीज खान, अफसार खान यामीन खान, सईद अहमद उर्फ सईदी, हमीद खान, रशीद खान, एवं संरक्षक हाजी रशीद अहमद, हाजी इस्माइल खान, जामा मस्जिद सदर जमील अहमद, हाजी गफ्फार खान, हाजी गफूर खान, जाफर पठान, हाजी शब्बीर अहमद, हाजी अब्दुल रज्जाक खान पडियार, सईद खान चौहान,अलादीन खान, शमीम अहमद, हमीद खान पंवार, अहमद खान, इस्लाम खान पंवार सरफराज खान पार्षद, गफूर खान मास्टर, मंजूर खान, अफसार खान,हमीद खान, एडवोकेट रशीद सोलंकी, डॉ. इमरान खान, सलीम खान पार्षद एवं समाज के गणमान्य और वरिष्ठ जन बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी विद्यार्थियों के परिजन उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929